CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम : 24°C

देहरादून, शुक्रवार 20 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 317 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी: अमित शाह पेज 2



बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने शतरंज में वर्ल्ड नंबर-1 को हराया खेल टाइम्स



ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे में मुलाकात पेज 12

### ईरान से 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजरायल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया कि वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी एरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद गुरुवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के एरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।

# रूस ने अमेरिका को चेताया

## कहा: ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, दखल दिया, तो होंगे गंभीर नतीजे

**मास्को, वार्ता**

**रूस ने गुरुवार** को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इजरायल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम खास तौर पर वाशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे।

उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान पर इजरायल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझाएं और युद्ध को रोके।



### चीन ने भी की शांति बनाए रखने की अपील, पुतिन और जिनपिंग ने इजरायल के हमलों की निंदा की

एएफपी ने चीनी समाचार एजेंसी के हवाले से कहा कि शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष में शामिल पक्षों, खासकर इजरायल को तुरंत हमले बंद कर देने चाहिए, ताकि हालात और न बिगड़ें और युद्ध दूसरे क्षेत्रों में न फैले। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों (रूस और चीन) का नजरिया एक जैसा है और दोनों ने इजरायल की कार्रवाई की कड़ी निंदा की हैं। दोनों नेताओं ने यह बात भी मानी कि पश्चिम एशिया में युद्ध -शेष पृष्ठ दो पर

### खामेनेई मॉडर्न हिटलर, उन्हें जीने का हक नहीं: इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिये इजरायल को खत्म करना चाहा है। ईरान ने गुरुवार सुबह इजरायल के चार शहरों तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर 30 मिसाइलें दागीं। इनमें 7 मिसाइलों को इजरायली डिफेंस सिस्टम रोकने में नाकामयाब रहा। इसमें 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। बीर्शेबा में एक अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर पर मिसाइल गिरी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान जानबूझकर इजरायली नागरिकों और अस्पतालों को निशाना बना रहा है। हम तेहरान में बैठे अत्याचारियों से इसकी -शेष पृष्ठ दो पर

# गले की फांस बना नोटों को जलाने का मसला

## खुलासा: जस्टिस वर्मा का ही था स्टोर रूम पर कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई है। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी संख्या में अधजले नोट मिले थे।

पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के बुरे व्यवहार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए समिति इस बात पर सहमत है कि सीजेआई के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।



### कैश केस- जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटाएं

### कर्नाटक में 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।


पतंजलि

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

योगमय भारत: स्वामी रामदेव जी का आह्वान

आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



विश्व के सबसे बड़े योग गुरु
योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें
आस्था Live — प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 9:00 बजे | INDIA TV — रोज सुबह 7:56 बजे



"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को "जागरण के देवता" के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ नि:स्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के ये प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

नि:स्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान — आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ — ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। "Prosperity for Charity": पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति — 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत — चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराए। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।

शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम — पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है — आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद — शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गोवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।



## संक्षिप्त समाचार

### नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों के निस्तारण में आई तेजी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने एक जनवरी से 10 जून के बीच नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों की पेंडेंसी का गहन विश्लेषण किया। इस अवधि में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या एवं उनके निस्तारण की दर से स्पष्ट हुआ कि विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'पेपरलेस, फेसलेस और कैशलेस' अभियान के सकारात्मक नतीजे दिखाई पड़ रहे हैं। समीक्षा में पता चला कि राज्य के कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें गाजियाबाद में कुल 24,115 आवेदनों में केवल 15 आवेदन ही लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.06 प्रतिशत है। प्रयागराज (आरटीओ प्रयागराज) में कुल 23,914 में से केवल 33 आवेदन लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.13 प्रतिशत है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर में 13,523 आवेदनों में से केवल 20 आवेदन (0.15 प्रतिशत) ही लंबित हैं।

### उमर ने वंदे भारत ट्रेन से किया सफर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को श्रीनगर से कटरा तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। अब्दुल्ला के साथ उनके सलाहकार नासिर असलम वानी भी थे। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आज सुबह नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए वंदे भारत ट्रेन में सवार हुए। बाद में वह जम्मू जाएंगे। इससे पहले, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और उनके पिता फारूक अब्दुल्ला भी इसी ट्रेन से कटरा गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्घाटन के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस सात जून से कश्मीर घाटी और जम्मू के कटरा शहर को बनिहाल के रास्ते जोड़ते हुए शुरू हो गयी है। यह अर्ध-हाईस्पीड ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

## यूपी डिफेंस कॉरिडोर में सात इकाइयों ने शुरू किया संचालन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) में सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संचालन शुरू कर दिया है।


अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 2018 में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा स्थापित और विकसित किया गया यह गलियारा कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में फैला हुआ है। यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों ने यूपीडीआईसी में संचालन और उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विभिन्न नोड्स में अब तक 28 हजार 809 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिसमें लगभग 47 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, इनमें से अधिकांश में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वहीं सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संचालन भी आरंभ कर लिया है, जिससे यह गलियारा अत्याधुनिक निर्माण और रणनीतिक उत्कृष्टता के केंद्र रूप में उभर रहा है।

## उपचुनाव: पांच विस सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा मतदान

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश के चार राज्यों गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। शाम पांच बजे केरल के नीलाम्बुर सीट पर सबसे अधिक 70.76 प्रतिशत और पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार गुजरात विधानसभा की दो तथा केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। अभी तक मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है। आयोग के अनुसार गुजरात की विसावादार सीट पर पांच बजे तक 54.61 प्रतिशत और कड़ी सीट पर 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76 प्रतिशत, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर 49.07 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर 69.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। गुजरात विधानसभा चुनाव के समय विसावादार सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली थी। विधायक के पाला बदलने तथा इस्तीफा देने के कारण यह सीट रिक्त हुई थी। भारतीय जनता पार्टी ने उपचुनाव में इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंकी हुई है। कड़ी सीट भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के बाद खाली थी। पार्टी ने इस सीट पर राजेंद्र चावड़ा को उतारा है, जबकि कांग्रेस ने रमेश चावड़ा और आम आदमी पार्टी ने जगदीश चावड़ा को मैदान में उतारा है। पश्चिम बंगाल में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। राज्य की कालीगंज सीट पर उपचुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस-वाम गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अलीक्ता अहमद, भाजपा के आशीष घोष और कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख अपना भाग्य आजमा रहे हैं।



■ केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76 प्रतिशत वोट पड़े

### इनके निधन से खाली हुई थी सीट

कालीगंज विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व अलीक्ता के पिता ने एक दशक तक किया था। इस साल की शुरुआत में तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा विधायक नसीरुद्दीन अहमद की मृत्यु के कारण यह सीट रिक्त पड़ी थी। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन से रिक्त हुई थी। इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने उद्योगपति और राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जीवन गुप्ता और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को चुनाव मैदान में उतारा है। केरल की नीलम्बुर विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी है। दूरदराज और शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं, जो मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत है। कुछ तकनीकी समस्याओं को छोड़कर चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी।

## हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं: गृह मंत्री
# अंग्रेजी बोलने वाले को जल्दी ही आएगी शर्म

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के मौके पर दिया।

शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा कि अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे। अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है। पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है। शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए, क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता।



■ पूर्व आईएएस आशुतोष की पुस्तक के विमोचन पर बोले गृहमंत्री अमित शाह

### सत्ता का दुरुपयोग करती है भाजपा: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों और नेताओं की छवि खराब करने के लिए भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था और बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं, जिसका नतीजा है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार है। हर कार्य में लूट मची है। आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का व्यवहार अलोकतांत्रिक और तानाशाही का है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को वह अपने नियंत्रण में करना चाहती है। भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां देश के उद्योग और व्यापार का नुकसान कर रही है। भाजपा-आरएसएस विपक्ष में रहने के दौरान स्वदेशी का नारा देते थे। बड़े-बड़े दावा करते थे। आरएसएस के लोग स्वदेशी अपनाने को लेकर लम्बे-लम्बे भाषण करते थे। इन लोगों ने सत्ता में आने पर ऐसी नीतियां बना दी है कि पूरा देश विदेशी सामानों से भरा पड़ा है। देश के बाजार चीनी सामानों से पटे है। अब ये स्वदेशी की बात नहीं करते है। इस सरकार की गलत नीतियों से देश के कुटीर और छोटे उद्योग बर्बाद हो गए।

## कानपुर के सीएमओ डा. नेमी को निलंबित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ डा. उदय नाथ होंगे नए सीएमओ

**लखनऊ।** कार्य में अनियमितिता के आरोप में कानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरिदास नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर श्रावस्ती के मौजूदा एसीएमओ डा. उदय नाथ को कानपुर भेजा गया है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि कार्य में शिथिलता और अनिमियतिता बरतने के आरोप में डा. नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में उन्हे कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं संबद्ध किया गया है। चिकित्सा शिक्षा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सचिव रितु महेश्वरी ने आज एक अधिसूचना जारी कर डा. नेमी के निलंबन की पुष्टि की। डा. नेमी पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में रिक्त पदों पर की जाने वाली नियुक्तियों के संबंध में चयन प्रक्रिया के विपरीत पदों का विज्ञापन/प्रकाशन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर नहीं कराया। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों की भी अवहेलना की। उन्होने बताया कि श्रावस्ती के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. उदय नाथ को कानपुर का नया मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और डा. नेमी के बीच विवाद पिछले दिनों सुर्खियों में रहा है। डा. नेमी की पैरवी विधानसभा अध्यक्ष समेत भाजपा के तीन स्थानीय विधायकों ने की थी, जबकि उनके विरोध में भाजपा के एक विधायक सामने आए थे।



सेंसेक्स 81361.87
निफ्टी 24793.25



सोना रु. 98768
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107343
प्रति किलो



## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सतर्क संकेतों और मध्य.पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, रियल्टी और सर्विसेज समेत 20 समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 82.79 अंक टूटकर 81361.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.80 अंक फिसलकर 24793.25 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,941.19 अंक और स्मॉलकैप 1.77 प्रतिशत लुढ़ककर 52,093.75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4117 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में बिकवाली जबकि 959 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 2363 में गिरावट जबकि 516 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में ऑटो की 0.42 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा।



इससे कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 0.73, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 1.10, आईटी 1.14, दूरसंचार 1.06, यूटिलिटीज 1.61, बैंलकग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.06, धातु 1.18, तेल एवं गैस 0.82, पावर 1.24, रियल्टी 1.63, टेक 0.64, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.95 लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर भी गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23, जर्मनी का डैक्स 0.32, जापान का निक्केई 1.02, हांगकांग का हैंगसेंग 1.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत कमजोर रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 41 अंक की गिरावट लेकर 81,403.94 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,191.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से इसके थोड़ी देर बाद ही यह 81,583.94 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,444.66 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 81361.87 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी नौ अंक फिसलकर 24,803.25 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,733.40 अंक के निचले, जबकि 24,863.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,812.05 अंक की तुलना में 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 अंक पर बंद हुआ।

### सोने का भाव 686 गिरकर 98,768 पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 686 गिरकर 98,768 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,454 पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है। चांदी की कीमत भी 2,069 गिरकर 1,07,343 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,09,412 पर बंद हुई थी। नई दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800, मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है, जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है।

## उठाव कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4077 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की गिरावट के साथ 54.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16849 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 15751 रुपए, सोया रिफाइंड 13919 रुपए, पाम ऑयल 13000 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रूस ने...**

रोकना फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता है। शिन्हुआ के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष विराम और हमलों को रोकना सबसे जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका हथियार नहीं, बातचीत है। पुतिन और जिनपिंग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच सैन्य झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने पहली बार सार्वजनिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई को खत्म करने की धमकी दी। अब तक चले इस संघर्ष के दौरान उनकी ओर से यह सबसे सख्त बयान माना जा रहा है। काट्ज ने तेल अवीव के पास होलोन शहर में एएफपी से बातचीत में कहा कि खामेनेई खुले तौर पर कहते हैं कि वह इजरायल का खात्मा चाहते हैं। वह खुद अस्पतालों पर हमला करने का आदेश देते हैं। इजरायल को मिटाना उनके लिए एक लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे इंसान को अब और जीने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**खामेनेई...** पूरी कीमत वसूलेंगे। ईरान और इजरायल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजरायल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वाशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने भी ईरान में अराक हैवी वाटर रिएक्टर पर हमला किया। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। हमले से कुछ घंटे पहले ही इजरायली सेना (आईडीएफ) ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है।

### डीपीआईआईटी ने किया योर स्टोरी मीडिया से करार

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने देश में समावेशी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और स्टार्टअप वातावरण को मजबूत करने के लिए निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म, योर स्टोरी मीडिया प्रा. लि. के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डीपीआईआईटी के उप सचिव राजेश कुमार और योर स्टोरी और द भारत प्रोजेक्ट की संस्थापक और सीईओ श्रद्धा शर्मा ने यहां दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह भागीदारी छोटे और मझोले दर्जे के शहरों में उभरती प्रतिभाओं का सहयोग करने के डीपीआईआईटी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए।

अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को यहां लैंगिक बजट पर एक परामर्श कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों एवं विभागों के सहयोगियों को योजनाओं की समीक्षा लैंगिक दृष्टिकोण से करनी चाहिए। योजनाओं का लाभ महिलाओं तक अधिक प्रभावी रूप से पहुंचाने के तौर तरीकों की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में स्पष्ट लैंगिक परिणाम संकेतक शामिल किए जाने चाहिए और लैंगिक बजट को अपनी दीर्घकालीन नियोजन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लैंगिक बजट के महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए राज्य स्तर पर सभी पक्षों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श शुरू करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लैंगिक बजट के निर्धारण और व्यय में राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और संबंधित आंकड़ों में पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही तय होनी चाहिए। सभी पक्षों को लैंगिक कार्रवाई की प्रतिबद्धता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साझेदारी को मजबूत करने, क्षमता में निवेश करने और अपने सफल मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए निवेश किया जाता है तो प्रगति, समृद्धि और अधिक न्यायसंगत और समतापूर्ण समाज के लिए निवेश किया जाता है। सरकार के महिला नेतृत्व में विकास के संकल्प का उल्लेख करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी है, जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं, बल्कि वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक, रसोई से लेकर बोर्डरूम तक, नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, कमजोरी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India
समग्र स्वास्थ्य के अभूतपूर्व
अभियान का हिस्सा बनिए
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी
विशाखापत्तनम में होने वाले योग प्रदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में हजारों उत्साहियों के साथ होंगे
लाइव प्रसारण
DD न्यूज
पर
21 जून | 6 बजे से
देश में हो रहे 8 लाख से भी अधिक आयोजनों एवं 175+ देशों में हो रहे योग उत्सवों के माध्यम से आई.डी.वाई. 2025 की गूँज दुनिया के हर कोने से सुनाई देने वाली है।
अपने पास के किसी ऐसे कार्यक्रम से जुड़िए और #IDY2025 का उपयोग करके योग से जुड़े अपने अनुभव साझा करिए
cbc 17201/13/0005/2526
moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

# रिखणीखाल करंट हादसा: जेई एसडीओ एवं अधिशासी अभियंता सस्पेंड

■ घटना पर मुख्यमंत्री ने लिया एक्शन, कर्मियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता ■ घटना में लापरवाही बरतने वाले सभी कर्मियों पर होगी कार्रवाई: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पौड़ी जनपद के रिखणीखाल ब्लॉक स्थित वड्डा खाल क्षेत्र में बिजली की लाइन पर कार्य करते समय संविदा लाइनमैन की करंट लगने से हुई मृत्यु की घटना को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी चंद्रमोहन, अवर अभियंता शुभम कुमार और अधिशासी अभियंता विनीत कुमार सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय राज्य में कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुन.रावृत्ति रोकने की दृष्टि से लिया गया है।

## कार्यस्थल पर उपलब्ध हों जरूरी सुरक्षा उपकरण: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यस्थल पर सभी जरूरी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता हो। विशेष रूप से फायर या शॉर्प ऑब्जेक्ट्स जैसे जोखिमपूर्ण उपकरणों के उपयोग के समय संबंधित कर्मियों के पास हेलमेट, ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, इन्सुलेटेड औजार जैसे सभी सुरक्षात्मक संसाधन मौजूद होने चाहिए। उन्होंने मामले में लापरवाही बरतने सभी कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## यूपीसीएल एमडी से मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) के उच्चाधिकारियों से भी इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि विभाग के पास वर्तमान में कितने सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं और क्या ये उपकरण फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों तक प्रभावी रूप से पहुंच भी रहे हैं या नहीं। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार प्रत्येक कर्मचारी के जीवन और सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को क्षम्य नहीं माना जाएगा।



# एसएसबी के अधिकारियों एवं जवानों को योग सिखाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देश पर आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के तत्वावधान में केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केन्द्र सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर में वैश्विक उत्सव की 11वीं वर्षगांठ पर "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम के तहत योगाभ्यास कराया गया। जिसमें एसएसबी के अधिकारियों एवं जवानों ने प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया। एसएसबी द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा योगाभ्यास कराये जाने पर आभार प्रकट किया।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी पौड़ी आयुष नोडल डॉ. शैलेन्द्र पांडे के निर्देशानुसार आयुष वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कविता रावत एवं डॉ विवेक वर्मा के नेतृत्व में योग अनुदेशक रूचि लखेडा, सुनीता चौहान, संदीप धनाई ने एसएसबी योगाभ्यास कराया गया। जिसमें एसएसबी के अधिकारियों एवं जवानों ने बड़े उत्साहित होकर योगाभ्यास में प्रतिभाग किया। टीम प्रभारी आयुष वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता रावत ने कहा कि इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। उन्होंने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष मंत्रालय द्वारा विभिन्न संस्थानों योग कराया और सिखाया जा रहा है।

## योग विभाग शैक्षणिक संस्थानों में करा रहा योगाभ्यास

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। योग प्रोटोकाल कार्यशाला के माध्यम से विभाग के योग विशेषज्ञ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जाकर योग अभ्यास करा रहे हैं। साथ ही लोगों को योग के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, यह कार्यशाला केवल विश्वविद्यालय परिसर तक सीमित नहीं रहेगी।

# कोटद्वार आ रही एक्सप्रेस ट्रेन के चालक की अचानक बिगड़ी तबीयत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली से कोटद्वार आ रही एक्सप्रेस ट्रेन में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ट्रेन के चालक बाबूराम की अचानक तबीयत बिगड़ गई। यह घटना सनेह रोड स्टेशन के पास हुई जब ट्रेन कोटद्वार की ओर आ रही थी। स्थिति को भांपते हुए ट्रेन के सहायक चालक ने तुरंत मोर्चा संभाला और सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को सुरक्षित रूप से कोटद्वार स्टेशन तक पहुंचाया।

रेलवे सूत्रों के अनुसार जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो तुरंत चालक को प्राथमिक उपचार देकर 108 की सहायता से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया।इस पूरी घटना के कारण ट्रेन का खाली रैक जिसे सुबह 5 बजे तक नजीबाबाद पहुंचना था निर्धारित समय पर रवाना नहीं हो सका। चालक की अनुपस्थिति में ट्रेन कोटद्वार स्टेशन पर ही सुबह 10रू30 बजे तक खड़ी रही। रेलवे प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए लक्सर से एक अन्य चालक को बुलवाया जिसके बाद ट्रेन को नजीबाबाद के लिए रवाना किया गया।

# केदारनाथ यात्रियों पर पार्किंग कर्मचारियों ने बरसाई लाठियां

■ घटना पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज ■ पांच युवकों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग के सीतापुर पार्किंग में यात्रियों व पार्किंग कर्मचारियों के बीच लठ्ठबाजी का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की ओर से तत्काल संज्ञान लिया गया। पुलिस ने लठ्ठबाजी करने वाले पांच युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म में सीतापुर पार्किंग का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें देखा गया कि कतिपय लोग लठ्ठबाजी करते हुए एक दूसरे को मारने पर उतारू हो रखे हैं। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने घटनास्थल सीतापुर पार्किंग जाकर आवश्यक पूछताछ की, जिसमें पता चला कि कतिपय यात्रियों व सोनप्रयाग पार्किंग के कर्मचारियों के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जो कि मारपीट एवं लट्ठबाजी की हद तक जा पहुंचा। पुलिस ने सीतापुर पार्किंग ठेकेदार सहित इस घटना में शामिल व्यक्तियों को थाने ले जाकर आवश्यक पूछताछ की तथा पूछताछ में आये तथ्यों के आधार पर कोतवाली सोनप्रयाग में मु0अ0सं0 30/2025 धारा 190/191 (1) भारतीय न्याय संहिता का अभियोग पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये पांच व्यक्तियों दीपक चन्द्र पुत्र सुमन चन्द्र, निवासी ग्राम बष्टी, थाना अगस्त्यमुनि उम्र 23 वर्ष, लक्ष्मण पुत्र ममराज सिंह, ग्राम दरमोला, पोस्ट माई की मण्डी कोतवाली रुद्रप्रयाग उम्र 32 वर्ष, राजेन्द्र को. हली पुत्र स्वर्गीय महावीर लाल ग्राम बुड़ना, उम्र 33 वर्ष, सुदर्शन चन्द्र पुत्र देवेन्द्र लाल, ग्राम बष्टी उम्र 28 वर्ष व दुर्गेश पुत्र धनन्जय, निवासी ग्राम बरतपुर, बष्टी, उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# ढाई सौ से अधिक आबादी वाले गांव सड़क से जुड़ेंगे

■ पीएमजेएसवाई ने किया प्रस्तावित सड़कों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** श्रीनगर विधानसभा के ढाई सौ से अधिक आबादी वाले गांव सड़क मार्ग से जल्द जुड़ेंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग की ओर से प्रस्तावित सड़कों का प्राथमिक सर्वे किया जा चुका है, जबकि विस्तृत सर्वे अभी बाकी है। योजना के तहत विधानसभा के थलीसैंण, पाबो व खिर्सू ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों को जो अभी तक सड़क सुविधा से वंचित थे उन्हें जोड़ा जाएगा।

पीएमजेएसवाई के अधीक्षण अभियंता एसके बलियाल ने बताया कि पीएमजीएसवाई-चार के तहत खिर्सू, पाबौं और थलीसैण विकासखंड की 29 सड़कों को केंद्र सरकार की सहमति मिल गई है। बताया कि इनमें से 6 सड़कों की डीपीआर तैयार कर ली गई है, शासन से स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। जानकारी देते हुए बताया कि अन्य सड़क मार्गों का प्राथमिक सर्वे किया गया है, डिटेल सर्वे किया जाना बाकी है। बताया कि आईआईटी रूड़की के सहयोग से स्टेट टेक्निकल कमेटी द्वारा रिर्पोट तैयार की गई है। बताया कि पहले चरण में जिन सड़कों की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिर्पोट तैयार हो चुकी है वह व कुछ अन्य सड़कों का निर्माण किया जाएगा। खुशी जाहिर करने वालों में खिर्सू मंडल अध्यक्ष मीना गैरोला, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संपत सिंह रावत आदि शामिल हैं।

## यात्री का खोया हुआ मोबाइल ढूंढकर किया वापस

**रुद्रप्रयाग (शाह टाइम्स)।** केदारनाथ यात्रा पर मुम्बई से आए एक यात्री का खोए हुए मोबाइल फोन को पुलिस ने ढूंढकर उनके सुपुर्द किया। यात्री ने पुलिस का आभार प्रकट किया। गुरूवार को मुंबई के एक यात्री का मोबाइल फोन केदारनाथ धाम में कहीं खो गया। इसकी सूचना यात्री ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान को दी। पुलिस जवान ने अपने स्तर से किए गए प्रयासों के बाद उक्त खोये हुए फोन को सकुशल बरामद कर यात्री के सुपुर्द किया, जिस पर श्रद्धालु ने पुलिस जवान का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पौड़ी में कोरोना ने दी दस्तक

■ एक महिला मिली कोरोना पॉजिटिव, किया होम आइसोलेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पौड़ी जनपद ने कोविड ने दस्तक दे दी है। जिले में एक महिला कोरोना पॉजिटिव मिली है। बीते 17 जून को एएनएम सहित तीन महिलाओं में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। जिन्हें होम आइसोलेट कर दिया गया है। तीनों के आरटीपीसीआर सैंपल लेकर जांच के लिए मेडिकल कॉलेज श्रीनगर भेज दिया गया था।

बेस चिकित्सालय श्रीनगर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि सीएमओ ऑफिस पौड़ी से बीते 17 जून आरटीपीसीआर सैंपल मेडिकल कॉलेज श्रीनगर पहुंचा था। उन्होने बताया कि 29 वर्षीय महिला कोरोना पॉजिटिव मिली है। उन्होने स्थानीय लोगों से सर्तकता बनाएं रखने की अपील की है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि कोविड़ से निपटने के लिए चिकित्सा प्रशासन के ओर से तैयारियां पूर्ण है। बताया कि आवश्यकतानुसार अस्पताल में 65 बेड तक व्यवस्था की जा सकती है। बताया कि 106 वेंटीलेटर के साथ 50 ऑक्सीजन प्लांट कुल 4250 एलपीसीडी प्रति लीटर की व्यवस्था की गई है।

## काली फिल्म लगाने वालों पर पुलिस की सख्ती

**रुद्रप्रयाग (शाह टाइम्स)।** केदारनाथ यात्रा अवधि में ऑपरेशन लगाम के तहत पुलिस ने कई वाहन पर काली फिल्म उतरवाकर उसका एमवी एक्ट में चालान किया। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुंडीर के पर्यवेक्षण में कोतवाली सोनप्रयाग व सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षक यातायात कैलाश चन्द्र शर्मा तथा निरीक्षक यातायात श्याम लाल के नेतृत्व में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई।

# जसोधरपुर में चलाया सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** स्वास्थ्य विभाग पौड़ी द्वारा दुगड्डा ब्लॉक के जसोधरपुर पंचायत भवन में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद लोगों को सिकल सेल एनीमिया को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम में दौरान डॉ अजय रयाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रक्त विकार है। जो कि मुख्यत: आदिवासी समुदाय में देखा जाता है इस अनुवांशिक डिसऑर्डर में ब्लड सेल या तो टूट जाते हैं या आकार और शेप बदलने लगते हैं। जो कि खून की नसों को ब्लॉक कर देते हैं। सिकल सेल एनीमिया में रेड ब्लड सेल भी मर जाते हैं और शरीर में खून की कमी हो जाती है साथ ही जेनेटिक बीमारी होने के चलते शरीर में खून बनना बंद हो जाता है व शरीर में खून की कमी के कारण कई जरूरी अंग किडनी, लीवर आदि को प्रभावित करता है। इस दौरान पार्षद मनीष नैथानी, डॉ योगिता कोठियाल, एएनएम दीपा गुसाईं, कृतिका, पूनम आदि मौजूद रहे।

# टिहरी में त्रिस्तरीय पंचायतों के आरक्षण का अंतिम प्रकाशन

■ आपत्तियों की सुनवाई के बाद 18 जून को जारी हुआ अंतिम आरक्षण आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया एक अहम पड़ाव पर पहुंच गई है। जिला मजिस्ट्रेट नितिका खंडेलवाल द्वारा उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम तथा उत्तराखण्ड ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत (स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन) नियमावली 2025 के तहत निर्धारित व्यवस्था एवं प्रक्रिया के अनुसार 18 जून, बुधवार को पंचायतों के विभिन्न पदों के आरक्षण का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया।

इससे पूर्व 13 जून को आरक्षण संबंधी प्रस्तावों का अनंतिम प्रकाशन किया गया था, जिसके पश्चात 14 और 15 जून को आम जनमानस से आपत्तियां आमंत्रित की गईं। प्राप्त आपत्तियों की विधिवत सुनवाई 16 एवं 17 जून को गठित समिति द्वारा की गई। समिति द्वारा विचारोपरांत प्रत्येक आपत्ति पर समीक्षा कर निष्कर्ष निकाला गया, जिसके आधार पर अंतिम आरक्षण सूची तैयार की गई।

अब अंतिम रूप से जारी की गई सूची में ग्राम पंचायतों के प्रधान, क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख, सदस्यगण एवं जिला पंचायत के पदों पर आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो गई है। यह प्रक्रिया शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की गई।

# डीएम ने स्वास्थ्य केंद्र और तहसील का किया औचक निरीक्षण

■ टेलीमेडिसिन सुविधा न मिलने पर जताई नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड जाखणीधार क्षेत्र में गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाखणीधार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध स्टाफ, बेड, दवाइयों की उपलब्धता और विशेष रूप से बंदरों के काटने की स्थिति में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जब यह सामने आया कि केंद्र में टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो जिलाधिकारी ने इस पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में 24 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को समय रहते दुरुस्त किया जा सके और दूरदराज के मरीजों को भी विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने जाखणीधार तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाजिर कक्ष, तहस.ीलदार कक्ष, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम, और कार्यालय में रखी उपस्थिति पंजिका की जांच की। इसके साथ ही उन्होंने दर्ज वादों की स्थिति और उनके निस्तारण की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने उप जिलाधिकारी संदीप कुमार को निर्देशित किया कि तहसील परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इसके लिए ऊर्जा विकास एजेंसी (उरेडा) से संपर्क स्थापित किया जाए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी संदीप कुमार, जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम, तहसीलदार राजेन्द्र गुंसोला, नाजिर आर.के. गिरीश डोभाल समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# भरदार पट्टी के दरमोला में पानी को लेकर मचा हाहाकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भाजपा युवा मोर्चा के गढ़वाल सह संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विकास डिमरी ने भरदार पट्टी के दरमोला क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता जल संस्थान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि दरमोला में स्थित सार्वजनिक हैंडपंप के विगत दो सप्ताह से खराब होने के कारण ग्रामीण जनता पानी के लिए भटक रही है।

उन्होंने कहा कि वर्षों से भरदार पट्टी में पानी की किल्लत बनी हुई है। खासकर गर्मियों और बरसाती सीजन में पानी को लेकर हाहाकार मच जाता है। भरदार पट्टी के दरमोला में स्थापित एकमात्र सार्वजनिक हैंडपंप विगत दो सप्ताह से खराब स्थिति में है, जिससे संपूर्ण ग्रामवासियों को पेयजल की अत्यंत विकट समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह हैंडपंप वर्षों से ग्रामवासियों की जल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति का प्रमुख साधन रहा है, मगर वर्तमान में इसके निष्क्रिय हो जाने से महिलाओं, वृद्धजनों और बच्चों को विशेष रूप से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर .......

### गढ़वाल राइफल केंद्र में योग सत्र, 1500 से अधिक जवानों ने लिया भाग

**लैंसडौन( शाह टाइम्स )।** गढ़वाल राइफल रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन में गुरुवार को विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुणजोली एवं ढौंटियाल की संयुक्त टीम द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें करीब 1500 से अधिक सैन्य अधिकारियों व जवानों ने हिस्सा लिया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास कराया जा रहा है। कहा कि योग प्रशिक्षकों द्वारा लोगों को विभिन्न तरह के योग कराये जा रहे हैं। लैंसडाउन में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कमांडेंट कुलदीप सिरोही ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि योग से कई रोग दूर होते हैं। सभी को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिये। इस अवसर पर हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय पोखड़ा के योग विभागाध्यक्ष डॉ दीपक कुमार ने योग में प्रतिभाग कर रहे आर्मी के जवानों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर सूबेदार मेजर नंदकिशोर, चिकित्साधिकारी डॉ जितेंद्र भाटिया, डॉ आशीष कुमार, फार्मेसी अधिकारी शंकर प्रसाद डोभाल, गणेश सिंह, रोशन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### योग शिविर में लोग सीख रहें निरोग रहने के गुर

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत वार्ड नम्बर 32 में करो योग रहो निरोग कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोग योग के गुर सीखे रहें है। पार्षद पंकज कुमार सती के पहल पर योगाचार्य सूरज बडोनी ने स्थानीय लोगों को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया। साथ ही उन्होने योग से होने वाले फायदों के बारे में बताया। इस दौरान उन्होने लोगों से योग को अपनी दिनचार्य में सम्मलित करने का आह्वान किया। पार्षद पंकज सती ने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय दिवस तक वार्ड नम्बर 32 में योग शिविर आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर कमलेश सेमवाल, मधुसूदन सेमवाल, गिरीश चंद्र, विजेंद्र नेगी, उदय सिंह कंडवाल, अरुण बहुगुणा, सकलानंद सती, युक्ति सती, सरिता चौहान, शांति चौहान, शांति रावत, भगवती प्रसाद, मोहन सिंह रावत, प्रेम सिंह रावत, योगेश असवल, विक्रम सिंह रावत, मीनाक्षी बहुगुणा, सच्चिदानंद बडोनी, आयुष बडोनी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, गंगा बहुगुणा, स्वरूप सिंह पवार रेखा रावत सहित आदि मौजूद थे।

### ऋषभ और अनीश बने नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप का हिस्सा

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** देहरादून में हो रही नेशनल जूनियर पिट्टू चौंपियनशिप में श्रीनगर के ऋषभ और अनीश उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच विकास शाह ने बताया कि दोनों खिलाड़ी खेल विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ऋषभ लगातार तीन वर्षों से प्रशिक्षणरत हैं और प8ूर्व में मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना में भी चयनित रह चुके हैं। जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के 24 राज्यों से लगभग 700 खिलाड़ी भाग लेंगे। पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए संघ के पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया गया।

### न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट की शुरुआत

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** जीवनशैली संबंधी बढ़ती बीमारियों और बढ़ती स्वास्थ्य जागरूकता के साथ, भारत में स्वास्थ्य सेवा के प्रति जागरूक के रूप में एक स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहा है। बदलती उपभोक्ता जरूरतों के साथ तालमेल बिठाते हुए, स्वास्थ्य और सेहत क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट के साथ अपनी पोषण श्रेणी उत्पादों में वृद्धि की है। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने लॉच के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, कहा कि चूंकि खराब पोषण देश के आधे से अधिक लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, इसलिए समग्र स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ, प्लांट प्रोटीन आधारित उपायों की आवश्यकता आज पहले से कही ज्यादा है। कहा कि न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट एमवे इंडिया की समग्र स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**कोटद्वार ( शाह टाइम्स )।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 55 वें जन्मदिन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को निम्बूचौड़ स्थित दिया दिव्यांग संस्था में शिक्षा ग्रहण कर रहे दिव्यांग बच्चों के बीच केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया और सभी बच्चों को फल वितरित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद असली जन नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने सभी वर्ग, जाति, धर्म, संप्रदाय के बीच समरसता का वातावरण तैयार कर नफरत और भेदभाव मिटाने का काम किया और जनता के असली मुद्दों की मजबूत पैरोकारी की है। हमें जब भी अवसर प्राप्त होगा हम दिया दिव्यांग जैसी परोपकारी संस्था के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह रावत ने किया।

### नमामि गंगे इकाई द्वारा किया गया योग शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन

**गोपेश्वर( शाह टाइम्स )।** गोपेश्वर महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गंणजेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं भारतीय वैदिक परंपरा के प्रति जनमानस , छात्र -छात्राओं में जागरूकता एवं संचेतना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में वेदाचार्य डॉ० कृष्णानंद पंत जी के द्वारा वेद पुराण एवं उपनिषद में निहित ज्ञान के वर्तमान प्रासंगि.कता पर चर्चा की। योगाचार्य रघुवीर बर्तवाल द्वारा योग के महत्व एवं उपयोगिता को बताते हुए यौगिक क्रियाओं पर अभ्यास कराया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में बी० एड० विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो० स्वाति नेगी , प्रो० चंद्रावती जोशी , डॉ ० अखिलेश कुकरेती , डॉ० सरिता पंवार ,डॉ० विधि ढौंढियाल , डॉ० श्याम लाल बटियाटा , नमामि गंगे के नोडल डॉ ० सबज कुमार सैनी, नमामि गंगे के स्वयंसेवक,कुंजो मैकोट के आम जन मानस उपस्थित रहे।

### गढ़वाल विवि को स्थायी कुलपति मिलने पर जताई खुशी

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि को लंबे इंतजार के बाद स्थायी कुलपति मिल गया है। विश्वविद्यालय के छात्रों और छात्र नेताओं ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता जताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है। छात्रसंघ उपाध्यक्ष अमन काला ने कहा कि स्थायी कुलपति की नियुक्ति से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाएं अब पटरी पर लौटेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रो. श्री प्रकाश सिंह भ्रष्टाचार पर कठोर कार्रवाई करते हुए पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे। छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कहा कि लंबे समय से स्थायी कुलपति न होने के कारण विश्वविद्यालय में कई निर्णय अटके पड़े थे। अब छात्रों को बेहतर निर्णयों की अपेक्षा है। छात्र नेता वीरेंद्र बिष्ट ने बताया कि कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल का कार्यकाल 31 अक्टूबर 2024 को समाप्त हो गया था, जिसके बाद से स्थायी कुलपति की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके साथियों ने इस मुद्दे को लेकर आंदोलन भी चलाया था। अब उन्हें उम्मीद है कि विवि में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत होगी और पूर्व में हुए वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच भी करवाई जाएगी।

# मानचित्र शमन के लिए हर माह में 2 बार लगाएं कैम्प : तिवारी

■ एमडीडीए उपाध्यक्ष ने की प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा ■ धौलास आवासीय योजना के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिरकण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक ली ।

बैठक में उपाध्यक्ष तिवारी ने कई बिन्दुओं पर चर्चा की। प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत में मानचित्र शमन के लिए प्रत्येक माह में 02 बार शमन कैम्प लगायें व प्रथम कैम्प ऋषिकेश व द्वितीय कैम्प विकास नगर में लगाये जाने के जाने के निर्देश दिये व इसी क्रम में प्राधिकरण के विभिन्न स्थानों पर कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिए।

आम जन मानस की सुविधा के लिए कार्यालय में पृथक से एक हैल्प डैस्क स्थापित किया जायेगा, जिसमें मानचित्र स्वीकृति शमन व प्राधिकरण की आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। लैण्ड पूलिंग के तहत भूमि क्रय किये जाने पर के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भूमि का चयन करते हुए यथाशीघ्र कार्यवाही करने के आदेश दिये गये, जिससे औद्योगिक परियोजन के लिए आईटी कम्पनियों को स्थापित किया जा सके।

गत वर्ष हरेला पर्व पर लगाये गये वृक्षों के रखरखाव के लिए चयनित फर्म द्वारा कार्य सुचारू रूप न किये जाने पर नाराजगी जाहिर की गयी तथा निर्देशित किया कि फर्म के किये गये कार्यों का निरीक्षण कर लिया जाय व इसके बाद ही फर्म को भुगतान किया जाय।धौलास आवासीय योजना के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास प्राप्त लाभार्थीयों को आवास दिये जाने के निर्देश दिये गये। सिटी फॉरेस्ट में निर्मित दुकानों को स्थानीय महिला समूहों को दिये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव गौरव चटवाल, मुख्य अभियन्ता एससीएस राणा, अधिशासीय अभियन्ता गण, लेखपाल नजीर अहमद, सहायक अभियन्ता गण उपस्थित रहे।



### आढ़त बाजार डिमार्केशन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

आढत बाजार शिफ्टिंग के लिए सहारनपुर चौक से किये जा रहे डिमार्केशन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए आवंटन की कार्यवाही की जाये। साथ ही लाभार्थियों के साथ एक संयुक्त बैठक भी किये जाने के निर्देश दिये गये।

### हरेला पर्व पर 70000 वृक्षों के पौधरोपण का लक्ष्य

इस वर्ष भी हरेला पर्व पर लगभग 70 हजार वृक्षों का पौधारोपण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्राधिरकण की पुरानी आवासीय योजनाओं, नव निर्मित योजनाओं आदि स्थानों पर व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को भी पौधे वितिरित किये जाये। हरेला पर्व के लिए पौधे टेन्डर के माध्यम से क्रय किये जाने के निर्देश दिये गये व टेन्डर प्रक्रिया को शीघ्र प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिये गये।

### इंदिरा मार्केट के आगे की दुकानों को शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

इंदिरा मार्केट में तृतीय पक्ष संस्था की ओर से किये जा रहे कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। साथ ही इंदिरा मार्केट के आगे की दुक. ानों को शिफ्ट किये जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री मंत्री गणेश जोशी ने सैनिक कल्याण विभाग एवं सैन्धधाम निर्माण की कार्यदायी संस्था उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें सैन्य धाम निर्माण और सैनिक विश्राम गृहों की स्थिति के बारे में विस्तृत चर्चा हुई।

जोशी ने सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृत लाल एवं उपनिद. ेशक कर्नल (सेनि) योगेन्द्र कुमार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए तथा सैन्यधाम में रखरखाव के बारे में भी विस्तृत चर्चा की।

सैनिक कल्याण विभाग एवं उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सैन्ध धाम निर्माण की कार्यदायी संस्था उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि इस माह के अंत तक सैन्यधाम का निर्माण पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृत लाल, उपनिदेशक कर्नल (सेनि) योगेन्द्र कुमार सहित पेयजल निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय उत्पादों के उपयोग को दिया जाएगा बढ़ावा

■ स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का सरकारी बैठकें, कार्यक्रमों में होगा इस्तेमाल ■ भेंट में दिए जाने वाले प्रतीक चिन्ह भी स्वयं सहायता समूहों से लिए जाएंगे ■ मुख्य सचिव ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद प्राथमिकता में रखने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन द्वारा समस्त प्रमुख सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों एवं जिलाधिकारियों को स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा निर्मित उत्पादों का उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बावत जारी अपने पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता एवं आजीविका संवर्धन हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। महिला समूहों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण, कैंटीन संचालन आदि क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है तथा यह महिलाएं खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि राज्य, जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित सभी शासकीय-अर्ध-शासकीय बैठकों, कार्यक्रमों एवं अन्य समारोह के आयोजनों में कैटरिंग संबंधी आवश्यकताओं हेतु यथासंभव महिला स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लिया जाए एवं उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाए, जिसके लिए परियोजना निदेशक अथवा सहायक परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास से सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनपद स्तर पर आने वाले विशिष्ट अतिथियों, महानुभावों के स्वागत कार्यक्रमों के स्मृति-चिन्ह इत्यादि हेतु स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों अथवा हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के उपहार प्रदान किए जाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि राज्य, जनपद एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं बैठकों में जलपान व्यवस्था हेतु स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मिलेट उत्पाद एवं स्थानीय पोषक उत्पादों को प्रमुखता से प्रयोग में लाया जाए।

उन्होंने कहा कि विभागों के समस्त सरकारी परिसरों में कैंटीन-आउट्लेट आदि के संचालन हेतु स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इसके लिए वित्त विभाग द्वारा प्रचलित अधिप्राप्ति नियमावली के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों के साथ क्रय-विक्रय किया जाए।

## वन विभाग के मियावाकी प्रोजेक्ट पर उठे सवाल

■ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने लगाए गंभीर आरोप पूछा, पौधों की कीमत में 10 गुना अंतर क्यों?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य के वन विभाग पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक हरित प्रदेश है और इसकी हरियाली ही यहाँ के जीवन का आधार है। लेकिन दुर्भाग्यवश, इस जीवन को संजोने वाला वन विभाग ही अब संदेह के घेरे में आ गया है।

आर्य ने देहरादून जिले के झाझरा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से पौधारोपण के प्रस्ताव पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत तीन वर्षों में 52.40 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से खर्च का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जबकि वर्ष 2020 में इसी तकनीक से कालसी क्षेत्र में पौधारोपण पर केवल 11.86 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की लागत आई थी।

आर्य ने सबसे हैरान करने वाली बात यह बताई कि झाझरा प्रोजेक्ट में 18,333 पौधों के लिए 100 रुपये प्रति पौधे की दर से 18.33 लाख रुपये खर्च का अनुमान है, जबकि कालसी प्रोजेक्ट में यही पौधे मात्र 10 रुपये प्रति पौधा की दर से लगाए गए थे। उन्होंने पूछा कि जब विभाग वही है, तकनीक वही है, तो फिर खर्च में इतना अंतर क्यों

### मसूरी प्रोजेक्ट पर भी उठे सवाल

आर्य ने मसूरी वन प्रभाग की परियोजना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मियावाकी पद्धति से 5 वर्षों के लिए 6 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत 4.26 करोड़ रुपये बताई गई है। जबकि निर्धारित मानकों के अनुसार यह खर्च करीब 84 लाख रुपये होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मसूरी के इस प्रस्ताव में यह तक नहीं बताया गया कि कौन-कौन सी स्थानीय प्रजातियाँ लगाई जाएंगी, जबकि यह इस तकनीक की मूल शर्त है।

### विभाग के पास नर्सरी होते हुए बाहरी खर्च क्यों?

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि जब विभाग के पास खुद की तकनीकी रूप से सक्षम नर्सरियां मौजूद हैं, तो फिर बाहर से पौधे बनवाने और भारी दरों पर खरीद का प्रस्ताव क्यों दिया गया? उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी को उजागर करती है। आर्य ने याद दिलाया कि पूर्व में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सीएजी रिपोर्ट में यह सामने आया था कि वन संरक्षण और वनीकरण के लिए निर्धारित फंड का उपयोग गैर-जरूरी वस्तुओं की खरीद, जैसे कि आईफोन, लैपटॉप और रेफ्रिजरेटर के लिए किया गया। इस पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे।

## जन सुनवाई और आपत्तियों के बाद नियमानुसार जारी हुआ पंचायतों में आरक्षण: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण जन सुनवाई और आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही संविधान सम्मत जारी किया गया।

चौहान ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस द्वारा आरक्षण पर उठाए जा रहे सवाल पूरी तरह भ्रामक और हार की आशंका बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में लागू आरक्षण संविधान, पंचायतीराज अधिनियम, एकल ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और कैबिनेट उप-समिति के अध्ययन के बाद तैयार नियमावली के अनुरूप तय किया गया है। ये सारी प्रक्रिया पूरी करना और चुनाव संपन्न कराना राज्य निर्वाचन आयोग का कार्य है । इसमें किसी भी प्रकार का सरकार का हस्तक्षेप नहीं होता है। आरक्षण प्रक्रिया को विधिसम्मत और उसी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा पूर्ण प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए अंतिम आरक्षण सूची जारी की है। इसके अलावा आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन भी है। आपतियाँ मांगने के बाद उनका निस्तारण भी किया गया और कुछ सीटों पर परिवर्तन भी हुआ है। आरक्षण एक रोस्टर के अनुसार तय होता है और उसमे हस्तक्षेप नही हो सकता है।

## विश्व किडनी-कैंसर दिवस पर मैक्स हॉस्पिटल ने किया लोगों को जागरूक



■ यूरोलॉजिस्ट डॉ. तारिक नसीम ने लोगों को किडनी कैंसर के लक्षण, जोखिम और आधुनिक इलाज के बारे में दी जानकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/हरिद्वार ।** विश्व किडनी कैंसर दिवस के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने लोगों को किडनी कैंसर के लक्षण, जोखिम और आधुनिक इलाज के बारे में जानकारी दी । इस पहल का उद्देश्य समाज में किडनी कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और समय पर निदान एवं उपचार के महत्व को उजागर करना था।

इस मौके पर डॉ. तारिक नसीम, प्रिंसिपल कंसल्टेंट, यूरोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने बताया कि "किडनी कैंसर के लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं और कई बार शुरुआती चरण में स्पष्ट नहीं होते। सबसे आम संकेत पेशाब में खून आना हो सकता है, जो बिना किसी दर्द के दिखाई देता है। इसके अलावा कमर या पीठ के एक तरफ लगातार दर्द होना, पेट या कमर के पास गांठ या सूजन महसूस होना भी संभावित लक्षण हो सकते हैं। कई बार मरीज का वजन अपने आप ही कम होने लगता है, कमजोरी महसूस होती है, भूख में कमी आती है या बुखार रहता है। ऐसे लक्षणों को नजर. अंदाज नहीं करना चाहिए"।

डॉ. तारिक ने कहा कि "रोबोटिक सर्जरी जैसे अत्याधुनिक विकल्पों के कारण आज यह बीमारी पहले की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी ढंग से और कम जोखिम में ठीक की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक किडनी कैंसर के मामलों में अक्सर पूरी किडनी को हटाने (नेफ्रेक्टॉमी) की आवश्यकता होती थी, लेकिन अब तकनीक के विकास के साथ, रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक विधियों से ट्यूमर को हटाकर किडनी को बचाया जा सकता है। यह प्रक्रिया न केवल कम जटिल है, बल्कि मरीज की रिकवरी भी तेज होती है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है।

इस जनजागरूकता पहल के माध्यम से मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं, विशेष रूप से यदि वे हाई ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, मोटापा या फैमिली हिस्ट्री जैसे जोखिम कारकों से जुड़े हों।

## बॉन्ड का उल्लंघन करने वाले डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई: डॉ. रावत

■ कहा, दो सप्ताह के भीतर नदारद चिकित्सकों की तैयार करें सूची

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में लम्बे समय से गैरहाजिर चल रहे बांडधारी चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर गायब चिकित्सकों की सूची स्वास्थ्य महा. निदेशालय स्तर से शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके साथ ही राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित चिकित्सकों को नियुक्ति देने तथा विभागान्तर्गत में चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं एएनएम के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिये भी अधिकारियों को कहा गया है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को अपने शासकीय आवास पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने बांड व्यवस्था के तहत तैनात डॉक्टरों के लम्बे समय से गैरहाजिर होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को गायब चल रहे बांडधारी चिकित्सकों की सूची दो सप्ताह के भीतर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने गैरहाजिर चिकित्सकों के खिलाफ अनुबंध की शर्तों के अनुरूप सख्त कार्रवाई कर सेवाएं समाप्त करने को भी अधिकारियों को कहा। विभागीय मंत्री ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों से बांड व्यवस्था के तहत पासआउट एमबीबीएस चिकित्सकों को तीन व पांच साल के लिये पर्वतीय क्षेत्रों के अस्पतालों में तैनात किया जाता है, ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखंड के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा डा. आर.एस. बिष्ट, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अजीत जौहरी, डॉ. अनिल नेगी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बोर्ड से चयनित 222 नए चिकित्साधिकारी को शीघ्र तैनाती देने के निर्देश

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित 222 नये चिकित्साधिकारी को शीघ्र तैनाती देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इसके अलावा उन्होंने विभाग के अंतर्गत चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं एएनएम के रिक्त पदों का अधियाचन शीघ्र ही राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को भेजने को भी अधिकारियों को कहा। जिसमें चिकित्सकों के 169, नर्सिंग अधिकारी 267 तथा एएनएम के 180 पद शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने तकनीकी संवर्ग के विभिन्न पदों पर भी भर्ती करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

## ढकरानी इंटक में मिले शव की हुई शिनाख्त

**विकासनगर( शाह टाइम्स )।** बीते रोज ढकरानी इंटक में तैर रहे एक व्यक्ति की शिनाख्त को मोर्चरी विकासनगर में रखे गए शव की पहचान हो गई है। शव की शिनाख्त हेतु सोशल मीडिया एवं प्रिंट मिडिया तथा फेसबुक और व्हाटसअप के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। जिसके फलस्वरुप मृतक की पहचना ईश्वर सिंह पुत्र भीकम सिंह निवासी झुग्गी मोहल्ला चिल्ड्रन एकाडमी के सामने डाकपत्थर विकासनगर जिला देहरादून द्वारा अपने छोटे भाई रोशन लाल पुत्र भीकम सिंह निवासी झुग्गी मोहल्ला चिल्ड्रन एकाडमी के सामने डाकपत्थर विकासनगर उम्र 45 वर्ष के रुप मे की गई।

## जोशी ने भारतीय महिला फ्लोरबॉल टीम की मैनेजर सरस्वती और कप्तान संगीता को किया सम्मानित

■ उत्तराखण्ड की बेटियों को उपलब्धि पर दी बधाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय महिला फ्लोरबॉल टीम की मैनेजर सरस्वती भण्डारी और कप्तान संगीता राठी को किया सम्मानित।

गत 18 से 25 अप्रैल 2025 तक आयोजित महिला फ्लोरबॉल चौम्पियनशिप खेल में भारत की ओर से सरस्वती भण्डारी ने मैनेजर और संगीता राठी ने कप्तान के रूप में प्रतिभाग किया जिसमें भारत, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, दक्षिण कोरिया, जापान, फिलीपींस, मलेशिया और थाईलैंड ने प्रतिभाग किया। दोनों खिलाड़ी कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मिली और मंत्री ने उन्हें सम्मानित किया। मंत्री गणेश जोशी ने बताया विश्व फ्लोरबॉल चौम्पियनशिप 2025 में सरस्वती भण्डारी ने मैनेजर और संगीता राठी ने कप्तान के रूप में भारत का प्रति. निधित्व किया। संगीता राठी को भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब प्राप्त हुआ और भारत की ओर से पहला गोल दागकर इतिहास रचा। वर्ष 2020 में भारतीय महिला टीम ने प्रथम विश्व वर्चुअल फ्रीस्टाईल फ्लोरबॉल कप जीता और एशिया ओशिनिया फ्लोरबॉल परिसंघ में वर्ष 2018 में भारतीय महिला टीम का कप्तान के रूप में प्रतिनिधित्व कर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया। इसी क्रम में सरस्वती भण्डारी ने एशिया ओ. शिनिया फ्लोरबॉल परिसंघ 2018 में भारतीय महिला टीम प्रथम गोल. कीपर के रूप में भारत का प्रति. निधित्व किया सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार प्राप्त किया तथा एशिया में 8वां स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में दोनों खिलाड़ी दिल्ली में खेलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

## एक नजर .......

### मेघा पन्त को मिली बायोटेक्नोलॉजी में पीएचडी की उपाधि



**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने देहरादून निवासी मेघा पन्त को जैव प्रौद्योगिकी विषय (बायोटेक्नोलॉजी ) में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की। उनका शोध प्रबन्ध ष्बैक्टरिया-डिराइव्ड अप्रोच टू सिंथेसाइज कार्बन क्वांटस डॉट्स फॉर बायोलॉजिकल एप्लीकेशनष विषय पर था। उन्होंने अपना शोध भीमताल के जेस. ीबोस डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के डॉक्टर अनिर्बान दडपत के निर्देशन में संपन्न किया। इसके पूर्व मेघा पंत ने वनस्थली राजस्थान से बायोटेक में एमएससी किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

### कृषि मंत्री जोशी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर किया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत



**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को देहरादून एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### डॉ. नरेश बंसल ने किया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष एवं सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने गुरुवार को देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर देश की राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय प्रवास पर देहरादून पहुंची , जहां जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर डा. नरेश बंसल ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया।

### भाजपा विधयक ने ही खोल दी सरकार की भ्रष्टाचार की पोल: नेगी

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** उत्तराखंड कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार एक बार फिर अपने ही भीतर उठी आवाजों से घिरती नजर आ रही है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक महंत दिलीप रावत ने प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार, प्रशास. निक अनियमितताओं और सरकार की विफलता को लेकर जिस प्रकार से सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए हैं, वह बेहद गंभीर और चौंकाने वाले हैं। नेगी ने कहा, अब यह बात किसी विपक्ष के नेता की नहीं है, भाजपा के भीतर से ही अब आवाज उठने लगी है, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है और जनता से जुड़े मुद्दों पर असंवेदनशील हो चुकी है। नेगी ने कहा कि जब खुद सत्ताधारी दल के विधायक सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा कर रहे हैं, तो यह साफ है कि प्रदेश का प्रशासन अब जनहित से नहीं, सिर्फ अपने निजी हितों से संचालित हो रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि, महंत दिलीप रावत की ओर से उठाए गए सभी सवालों की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाई जाए। मुख्यमंत्री को जनता के सामने आकर जवाब देना चाहिए। उत्तराखंड की जनता हर चीज देख रही है और समय आने पर इसका करारा जवाब देगी।

### राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेस ने लगाई 'मुहब्बत की दुकान'



**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर प्रदेशभर में पार्टी के शीर्ष नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। इसी के तहत देहरादून महानगर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता मोनी के नेतृत्व में राहुल गांधी के जन्मदिन पर 'मुहब्बत की दुकान' कार्यक्रम के तहत मीठे पानी की छबील लगाकर आम जनता को मीठा सरबत पिलाया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर करन माहरा ने राहुल गांधी को जन्म दिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्र के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यर्त्ताओं के टूटे हुए मनोबल को जोड़कर कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबन्धन को एक बार पुन: सत्ता के करीब पहुंचाने का काम किया निश्चित रूप से उनके नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर सदन में कांग्रेस पार्टी के जन प्रतिनिधियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन रमोला, एनएसयूआई पूर्व उपाध्यक्ष रितेश क्षेत्री, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट , महासि. चव रॉबिन त्यागी, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर, एससी विभाग अध्यक्ष मदन लाल, जिला प्रभारी गौरव सागर, विधानसभा अध्यक्ष कार्तिक बिरला, अभिषेक मेहता, तनिष्क ढाका व वनस कुमार आदि शामिल थे।

### 100 किलो मांस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सहसपुर( शाह टाइम्स )।** थाना सहसपुर पुलिस ने 100 किलो भैस वंशीय पशु मांस के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया। थाना सहसपुर पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान खुशहालपुर से एक व्यक्ति दिलशाद पुत्र जिन्दा हसन निवासी मस्जिद वाली गली खुशहालपुर थाना सहसपुर को 100 किलो भैस वंशीय पशु मांस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध थाना सहसपुर पर धारा 3/11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। आरोपी के खिलाफ पहले से ही 4 मुकदमे दर्ज है। पुलिस टीम एसएसआई विकास रावत थाना सहसपुर, सिपाही सुधीर कुमार, नवबहार, विकास त्यागी शामिल रहे।

### डीआईटी को को मिला 'ईट राइट कैंपस' प्रमाणपत्र

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** डीआईटी विश्वविद्यालय को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की ओर से प्रतिष्ठित 'ईट राइट कैंपस (ईआरसी)' प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि चार्टवेल्स, कॉम्पास ग्रुप इंडिया के सहयोग से हासिल की गई है, जो विश्वविद्यालय में एक सुरक्षित, स्वस्थ और सतत भोजन वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर है। विकास चावला, प्रबंध निदेशक, कॉम्पास ग्रुप इंडिया ने कहा, डीआईटी में ईट राइट कैंपस प्रमाणन प्राप्त करना हमारे साझा संकल्प का प्रमाण है कि हम छात्रों की भलाई और खाद्य सेवा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रो. जी. रघुरामा, कुलपति, डीआईटी ने कहा, डीआईटी विश्वविद्यालय में हम मानते हैं कि पोषण और खाद्य सुरक्षा, शैक्षिक सफलता की आधारशिला हैं।

# पर्यावरण मित्रों को मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ देने पर निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वन टाईम सेटलमेंट स्कीम के अंतर्गत नियमित किए गए पर्यावरण मित्रों के आश्रितों को मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ देने पर उत्तराखण्ड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।




प्रैस क्लब में आयोजित प्रैसवार्ता के दौरान मोर्चा के मुख्य संयोजक सुरेंद्र तेश्वर ने बताया कि संविदा पर कार्यरत ८५९ पर्यावरण मित्रों को वन टाइम सैटलमेंट स्कीम के तहत सेवा में नियमित किया गया था। लेकिन कर्मचारी की मृत्यु होने पर आश्रित को मृतक आश्रित नियुक्त का लाभ नहीं मिल रहा था। हाल ही में प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में वन टाईम सेटलमेंट स्कीम की शर्तों को निरस्त करते हुए सरकार ने ८५९ पर्यावरण मित्र पदों को २०१३ की नियमावली में सम्मिलित कर उनके आश्रितों को मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ देने का निर्णय लिया है। जिसके लिए निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करता है। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री संतोष गौरव ने कहा कि सरकार को प्रदेश के विभिन्न निकायों में वर्षों से संविदा, आउटसोर्स पर पर्यावरण मित्र, लाइनमैन, बेलदार, चपरासी आदि पदों पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्थाई करने, चतुर्थ श्रेणी पदों को मृत घोषित करने की बाध्यता को समाप्त कर स्वीकृत पदों पर नियुक्ति बहाल करने की मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और कर्मचारियों के हितों को पूरा करना चाहिए।

मोर्चा संयोजक राजेंद्र श्रमिक ने कहा कि जल्द ही मोर्चे का प्रति. निधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर उनका भव्य स्वागत कर आभार जताएगा। प्रैसवार्ता में प्रवीण तेश्वर, आत्माराम बेनीवाल, मुकुल जोशी, सलेकचंद, नानकचंद पीवाल, जितेंद्र तेश्वर, दीपक चावरिया, कुलदीप कांगड़ा, मनोज, प्रवीण, योगराज, विनोद कुमार, अजीत कुमार, राजेश छाछर, आनंद कांगड़ा, बलराम चौटाला, जुगनू कांगड़ा, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

# शिवसेना का 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवसेना का ५९वां स्थापना दिवस प्रदेश प्रमुख देवेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया।



इस अवसर पर देवेंद्र प्रजापति ने कहा कि 19 जून 1966 को हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। बाला साहेब ठाकरे के विचारों पर चलने वाले शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे के माध्यम से पूरे भारत में लाखों निष्ठावान शिव सैनिक सनातन हिंदुत्व राष्ट्रीय राज्य एवं समाज हित के लिए कार्य कर रहे हैं। देवेंद्र प्रजा. पति ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें हरिद्वार जिला उप प्रमुख सतीश कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने बैरागी कैंप स्थित श्री रामेश्वर महादेव शिव मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। प्रदेश मुख्य कार्यालय सचिव सत्यवीर राठौर के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के फलदार छायादार पेड़ लगाया।। देहरादून में प्रदेश महासि. चव खड्ग भूषन राणा के नेतृत्व में बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गयी। ज्वालापुर, हल्द्वानी, नैनीताल, पिथौरागढ,द्द उत्तरकाशी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिवसेना की सदस्यता भी ग्रहण की तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी। जिसमें हल्द्वानी से अलका सक्सेना को प्रदेश महासचिव एवं जानकी प्रसाद को जिला प्रमुख उधम सिंह नगर को दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम में संदीप चौधरी, प्रमोद कुमार शर्मा, दिनेश राठौर, आशु सैनी, कुलदीप राठौर, दीपक सैनी, राजू कुमार, राम सिंह राठौड,द्द सुनील कुमार चौहान, महेंद्र कुमार, निशांत प्रजापति, जितेंद्र कुमार, मोि. हत सैनी, पंकज कुमार, महेश रोहिल्ला, सोनू, दिनेश आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर कुष्ठ आश्रम में नेत्र जांच शिविर का आयोजन करेगा सक्षम



**हरिद्वार।** गंभीर मार्ग स्थित आरएसएस कार्यालय में संपन्न हुई समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) की बैठक बैठक में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष एवं हरिद्वार प्रभारी अतुल गुप्ता का कार्यकर्ताओं ने तुलसी की माला और पटका पहनाकर स्वागत किया। बैठक में अतुल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के विषय में दिशा निर्देश दिए तथा साथ ही दिव्यांगजनों की समस्याओं के निवारण हेतु गहन चिंतन मनन किया गया। अतुल गुप्ता ने कहा कि २० जून को सक्षम के स्थापना दिवस पर चंडी घाट स्थित चिदानंद आश्रम में कुष्ठ रोगियों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सक्षम कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग मित्र बनाने चाहिए तथा स्वयं भी दिव्यांग मित्र बनना चाहिए। कार्यकर्ता स्वयं दिव्यांग मित्र बनेंगे तो अन्य लोग भी प्रेरित होगे। दिव्यांग मित्र होंगे तो दिव्यांगजनों का कार्य करने में आसानी होगी और इससे दिव्यांगजनों को मदद भी मिलेगी। सक्षम के जिलाध्यक्ष संदीप अरोड़ा ने कहा कि सक्षम के स्थापना दिवस में मूक बधिर और दिव्यांग भी प्रतिभाग करेंगे। जिला सचिव मानसी मिश्रा ने कहा कि कुष्ठ आश्रम में सवेरे १० से १ बजे तक अयोजित किए जा रहे नेत्र जांच शिविर के आयोजन के लिए हंस फाउंडेशन का सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में जिला संरक्षक विनोद कुमार शर्मा, विमलेश गौर और अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने कूड़ा वाहन को किया रवाना

**अल्मोड़ा।** जनपद में ग्रामीण स्वच्छता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से पोषित कूड़ा वाहन अब जिला पंचायत अल्मोड़ा को सौंपा गया है, जिसका संचालन विशेष स्वच्छता दल के माध्यम से किया जाएगा। गुरुवार को जिलाधिकारी ने कूड़ा वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। अब केवल नगरीय क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी प्रभावी कूड़ा निस्तारण की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए यह वाहन और विशेष स्वच्छता दल अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे और अल्मोड़ा जनपद को स्वच्छ और स्वस्थ बनाये रखने में अपना योगदान देंगे। ज़िलाधिकारी ने बताया कि अल्मोड़ा को राज्य के स्वच्छ जिलों में अग्रणी बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं और विशेष स्वच्छता दल के माध्यम से पर्यटन स्थलों तथा राजमार्गों के किनारे फैले कचरे के प्रभावी निस्तारण का कार्य किया जाएगा। जनपद में आयोजित मेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों अथवा अन्य आयोजनों के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट के निस्तारण हेतु नागरिक जिला पंचायत कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर वाहन सेवा का लाभ ले सकते है। विशेष स्वच्छता दल दल की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी जिला पंचायत में कार्यरत कर अधिकारी एवं कर व राजस्व निरीक्षक को सौंपी गई है।

## 21 जून को होने वाला विशेष योग शिविर स्थगित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विश्व योग दिवस पर स्वामी अनुभवानंद झालावार गुजरात आश्रम में आयोजित होने वाले विशेष योग शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

जानकारी देते आश्रम के परमाध्यक्ष योग गुरू स्वामी साधनानंद महाराज ने बताया कि विश्व योग दिवस पर 21 जून को आयोजित होने वाले विशेष योग शिविर को स्थगित किया गया है। स्वामी साधनानंद महाराज ने कहा कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण वे योग शिविर में भाग लेने वाले योग साधकों का मार्गदर्शन नहीं कर पाएंगे, इसलिए शिविर को स्थगित किया गया है। शिविर स्थगित होने से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ठीक होने के उपरांत योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# किसानों को योजनाओं का लाभ मिल रहा: नरेश बंसल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर किसान महाकुम्भ के पहले दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि यूनियर देश भर में किसान पंचायतों का आयोजन और संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी।



■ भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह का तीन दिवसीय चिंतन शिविर शुरू
■ किसानों ने सांसद को एक ज्ञापन भी सौंपा

भूपतवाला स्थित कबीर आश्रम में आयोजित चिंतन शिविर में किसानों के बीच पहुंचे राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए जो योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उनसे किसानों का बहुत लाभ हो रहा है। नरेश बंसल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसानों की पार्टी है और हमेशा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के साथ देश के भी नेता थे।

उन्होंने किसानों की आवाज और उनकी समस्या को देश भर में उठाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता चौधरी राजन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, चौधरी मुन्नू सिंह तोमर, डा. सुरेन्द्र मोघा, प्रवीण पूनिया, प्रवीन गुप्ता, रामकिशन, मोनिका गोयल, रणधीर सिंह, केपी सिंह ठेनुआ, मुकेश कुमार सोलंकी, हरपाल सिंह, सोनू चौधरी, निधिराज सिंह, नीरज प्रधान, चौधरी रवेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। इस दौरान यूनियन की और से किसानों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन भी राज्यसभा सांसद नरेश बसंल को सौंपा गया।

## बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**पथरी।** बुधवार को क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों को बगैर बिजली के गर्मी में परेशानी उठानी पड़ी। पिछले दो दिनों से रातभर बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों में ऊर्जा निगम के खिलाफ भारी रोष पंप रहा है।

ग्राम धनपुरा, घिससुपुरा, घोसीपुरा, पदार्था, शाहपुर शीतलाखेड़ा, धारीवाला, हरस. ीवाला, टिकौला, शेरपुर, भट्टीपुर, बादशाहपुर व नसीरपुर कलां समेत कई गांवों के ग्रामीणों को दिन में गर्मी में बगैर बिजली के परेशानी उठानी पड़ी है। वहीं खेतों में सिंचाई का कार्य बंद रहा है। अशोक, राजेन्द्र, सुखवीर, अरशद, वहीद आदि लोगों का कहना है कि सुबह से लेकर शाम को पांच बजे तक बिजली नहीं आयी। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रवेश कुमार का कहना है कि बुधवार को बिजली की लाइन के तार बदले गए है। जिससे बिजली आपूर्ति बंद रही है। उससे पूर्व रात में मौसम खराब होने से बिजली बंद रही है।

# मनोरथों को पूर्ण करती है कथा

## शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री राधा रसिक बिहारी मंदिर रामनगर ज्वालापुर में आयेजित श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया।



प्रथम दिवस की कथा का श्रवण कराते हुए आचार्य आशीष शुक्ला महाराज ने बताया कि शिव महापुराण की कलयुग में सभी मनोरथों का पूर्ण करती है। कथा श्रवण करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पदार्थो की प्राप्ति होती है। देवों के देव महादेव शिव अत्यन्त कृपालु हैं। शिव की शरण में आने वाले मनुष्य का जीवन भवसागर से पार हो जाता है। सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न होने वाले महादेव शिव अपने भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण करते हैं। कथाव्यास ने कहा कि कई जन्मों के पुण्यों का उदय होने पर ही शिवमहापुराण कथा के श्रवण का अवसर प्राप्त होता है। सौभाग्य से प्राप्त होने वाले इस अवसर को कभी गंवाना नहीं चाहिए। श्री राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट के संस्थापक भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री महाराज ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को शिव कृपा प्राप्त करने के लिए शिव महापुराण की कथा का श्रवण एवं आयोजन करना चाहिए। शिव कालों के काल महाकाल हैं, मृत्युंजय हैं। जीवन के सारे कष्टों को हरने वाले हैं। इस अवसर पर मुख्य जजमान सुनीता माथु, मधु श्रीवास्तव, अलका मिश्रा, रेनू अरोड़ा, रिंकू शर्मा, महेंद्र शर्मा, दीप्ति भारद्वाज, रीना जोशी, रिंकी भट्ट, संध्या भट्ट, शिवम ब्रह्म, रेनू शर्मा, किरन शर्मा, शिमला उपाध्याय आदि श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## मंदिर में चोरी करने का आरोपी दबोचा

**हरिद्वार।** थाना कनखल पुलिस ने दरिद्र भंजन मंदिर में चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है।

आरोपी नशे का आदि है और चोरी के मामले में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। नशे की लत पूरी करने के लिए ही उसने मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। राजधाट निवासी नीरज कोठारी पुलिस को तहरीर देकर मंदिर से घंटा, चौन, ताले, आरती की थाली आदि चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सन्नी पुत्र सतपाल निवासी कुम्हारगढ़ा कनखल को चोरी किए गए सामान समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में हेडकांस्टेबल राकेश राणा व रविन्द्र तोमर शामिल रहे।

# यूकेडी में शामिल हुए भैरव सेना अध्यक्ष मोहित चौहान



**हरिद्वार।** भैरव सेना के अध्यक्ष मोहित चौहान बृहष्पतिवार को उत्तराखंड क्रांति दल में शामिल हो गए। भूपतवाला स्थित होटल में आयोजित यूकेडी की बैठक में केंद्रीय संगठन मंत्री उषा चौहान व महानगर अध्यक्ष गोकुल सिंह रावत ने मोहित चौहान को सदस्यता प्रदान की और फूलमाला पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया।

महानगर अध्यक्ष गोकुल सिंह रावत ने कहा कि यूकेडी की नीतियों से प्रभावित होकर युवा वर्ग लगातार पार्टी से जुड़ रहा है। केंद्रीय संगठन मंत्री उषा चौहान ने कहा कि यूकेडी उत्तराखंड की आवाज है। आने वाला समय यूकेडी का है। मो. हित चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय दल लगातार राज्य और युवा वर्ग की अनदेखी कर रहे हैं। क्षेत्रीय दल यूकेडी में शामिल होकर भू माफिया, खनन माफिया, भ्रष्टाचार, शराब,. स्मैक के खिलाफ आवाज उठाएंगे। युवा वर्ग को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर महानगर महामंत्री रवि जैन, उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, वार्ड अध्यक्ष प्रेम गिरी, जोगिंदर रावत, संतोष डबराल, उर्मिला, सतवीर, रंजीत राव, सुशील, दीक्षांत, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व किडनी कैंसर दिवस पर मैक्स हॉस्पिटल ने किया लोगों को जागरूक



**हरिद्वार।** विश्व किडनी कैंसर दिवस के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने लोगों को किडनी कैंसर के लक्षण, जोखिम और आधुनिक इलाज के बारे में जानकारी दी गयी। इस पहल का उद्देश्य समाज में किडनी कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और समय पर निदान एवं उपचार के महत्व को उजागर करना था।

मैक्स हॉस्पिटल के डा.तारीक नसीम ने बताया कि किडनी कैंसर के लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं और कई बार शुरुआती चरण में स्पष्ट नहीं होते। सबसे आम संकेत पेशाब में खून आना हो सकता है, जो बिना किसी दर्द के दिखाई देता है।

इसके अलावा कमर या पीठ के एक तरफ लगातार दर्द होना, पेट या कमर के पास गांठ या सूजन महसूस होना भी संभावित लक्षण हो सकते हैं। कई बार मरीज का वजन अपने आप ही कम होने लगता है। कमजा. ेरी महसूस होती है, भूख में कमी आती है या बुखार रहता है। ऐसे लक्षणों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। डा.तारिक ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी जैसे अत्याधुनिक विकल्पों के कारण आज यह बीमारी पहले की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी ढंग से और कम जोखिम में ठीक की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक किडनी कैंसर के मामलों में अक्सर पूरी किडनी को हटाने (नेफ्रेक्टॉमी) की आवश्यकता होती थी। लेकिन अब तकनीक के विकास के साथ रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक विधियों से ट्यूमर को हटाकर किडनी को बचाया जा सकता है। यह प्रक्रिया न केवल कम जटिल है, बल्कि मरीज की रिकवरी भी तेज होती है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है।

उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच करवाए। विशेष रूप से यदि वे हाई ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, मोटापा या फैमिली हिस्ट्री जैसे जोखिम कारकों से जुड़े हों। सही समय पर जागरूकता, तकनीकी सहायता और चिकित्सा मार्गदर्शन मिल जाए तो किडनी कैंसर जैसे रोग को हराया जा सकता है।

# ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी को नमन

## पुण्यतिथि पर संत समाज ने कहा-संत परंपरा के गौरव थे स्वामी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारत माता मंदिर के संस्थापक निवृत्त शंकराचार्य ब्रहमलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज की छठी पुण्य तिथी सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों के सानिध्य में समारोह पूर्वक मनायी गयी।

समन्वय सेवा ट्रस्ट एवं भारतमाता जनहित ट्रस्ट के सचिव आईडी शास्त्री के संयोजन व भारत माता मंदिर के अध्यक्ष एवं जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज की अध्यक्षता में जनहित ट्रस्ट में समाधि स्थल पर आयोजित पुण्य तिथी समारोह में संत समाज ने ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन स्वामी हरिचेतनानंद ने किया।

शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि देश की एकता अखंडता कायम रखने में संत महापुरूषों की हमेशा ही अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज संत परंपरा के गौरव थे। सनातन परंप. रांओं के संरक्षण संवर्द्धन और समाज के वंचित वर्ग की सेवा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित कर समस्त संत समाज का गौरव बढ़ाया। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज कल्याण में योगदान का संकल्प ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रांनद गिरी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। पूज्य गुरूदेव की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए उनके द्वारा स्थापित संस्थाओं की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाना ही उनका उद्देश्य है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रांनद गिरी महाराज संत समाज के प्रेरणा स्रोत थे।



ब्रह्मलीन सत्यमित्रानंद गिरी महाराज ने समाज में समरसता स्थापित करने के साथ धर्म संस्कृति के संरक्षण में जो योगदान दिया। वह सदैव स्मरणीय रहेगा। स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी व महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि देश और समाज को भारत माता मंदिर जैसी संस्था प्रदान करने वाली ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज संत समाज की दिव्य विभूति थे। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद व शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग के बीच जाकर उनकी सेवा और देश के आदिवासी समुदाय को समाज को मुख्यधारा में लाने वाले ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी संत परंपरा के पथ प्रदर्शक थे। ट्रस्ट के सचिव आईडी शास्त्री ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और आभार जताया।

श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, स्वामी विवेक. ानंद, स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, महंत रघुवीर दास, महंत बिहारी शरण, स्वामी ऋषि रामकृष्ण, महंत राघवेंद्र दास, स्वामी प्रेमानंद, साध्वी राधा गिरी, स्वामी प्रबोधानंद गिरी, महंत विष्णुदास, स्वामी यतिन्द्रानंद, बाबा हठयोगी, स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी ऋषिश्वरानंद, साध्वी प्राची, डा.विष्णुदत्त राकेश, डा.विशाल गर्ग, जोलीग्रांट हॉस्पिटल के एमडी विजय धस्माना, सुमित अदलक्खा, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, स्वामी राममुनि, जगदीशलाल पाहवा, मधुर शर्मा सहित अनेक संत महंत, गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

# जनहित कार्यों की रीढ़ बनेगी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां: रेखा आर्या

## 7 जनपदों में नवनियुक्त 2258 कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को दिए नियुक्ति पत्र

**हरिद्वार में आयोजित हुआ नियुक्ति पत्र वितरण समारोह**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ हरिद्वार।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को 7 जनपदों में चयनित की गई 2258 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वित. रित किए। यह आयोजन हरिद्वार में ;षिकुल राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थित सभागार में किया गया और 6 जनपदों से अधिकारी व नवनियुक्त महिलाएं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने हाल ही में पूरे प्रदेश में 6330 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 722 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों यानी कुल मिलाकर 7052 पदों पर भर्ती की है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पद सिर्फ रोजगार का एक माध्यम नहीं बल्कि यह सेवा का एक बड़ा अवसर है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भर्ती ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई और इस पूरी प्रक्रिया को सिर्फ 3 महीने के समय में पूरा कर लिया गया।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के रूप में उच्च शिक्षित लड़कियां और महिलाएं आ रही हैं, जिससे निश्चित रूप से विभाग की कार्य क्षमता और कुशलता में बढ़ोतरी होगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पहली बार हुई ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया में सत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां करके प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति में एक और आयाम जोड़ दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस प्रक्रिया में जितने पदों पर विभिन्न आपत्तियों के चलते अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए हैं उनका निस्तारण भी जल्द से जल्द करें।

एक साथ कुल सात जनपदों हरिद्वार, बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, पिथौरागढ़, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी में कुल 245 आंगनवाड़ी और 2013 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र मिले। इस आयोजन में विभिन्न जनपद मुख्यालयों से विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, विधायक लोहाघाट खुशहाल सिंह, विधायक रूद्रपुर शिव अरोड़ा, राज्यमंत्री श्याम नारायण पांडेय, राज्यमंत्री गणेश सिंह भंडारी, मेयर हरिद्वार किरण जैसल, मेयर पिथौरागढ़ कल्पना, नगर पालिका अध्यक्ष चम्पावत प्रभा पांडेय, उपनिदेशक विक्रम सिंह, हरिद्वार जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा आदि उपस्थित रहे।

### नगर पालिका मनोरंजन क्लब के वार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

**नैनीताल।** नैनीताल में नगर पालि. का मनोरंजन क्लब के वार्षिक चुनाव वीरवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुए जिसमें सभी पदों पर एक वर्ष के लिए निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए। इस दौरान चुनाव में अध्यक्ष शोभा चौहान, उपाध्यक्ष खष्टी साह जबकि सचिव रितेश कपिल तथा उप सचिव मीना कफलिया निर्विरोध चुनी गयी। चुनाव के लिए मुखय निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार खोलिया रहे जबकि निर्वाचन अधिकारी पीयूष भंडारी व दीपराज कुमार व गोपाल सिंह नेगी रहे। दूसरी ओर कलब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब में वर्ष भर विभिन्न गति. विधियां, कैरम प्रतियोगिता, टेबल टेनिस व फुटबॉल प्रतियोगिता तथा कर्मचारी हितों के संबंध में कार्य किए जाते हैं। वर्तमान में कलब के 83 सदस्य हैं।

### सड़क पर खड़े वाहनों का चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल के अयारपाटा क्षेत्र के सभासद मनोज साह जगाती ने उनके क्षेत्र में सड़कों पर वाहन पार्क करने की शिकायत कोतवाली में की।

शिकायत पर कोतवाली पुलिस की ओर से क्षेत्र में कई वाहनों के चालान किए गए हैं। बता दें कि सभासद मनोज साह जगाती ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा था कि उनके क्षेत्र में मनु महारानी चौराहे से डीआईजी निवास के समीप मार्ग पर पर्यटकों के वाहन पार्क हैं। जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सभासद की शिकायत पर वीरवार को पुलिस ने क्षेत्र में मुनादी कर सड़क से वाहन हटाए।

# पौड़ी को मिलेगी एक और पेयजल योजना की सौगात: डॉ. धन सिंह

**श्रीनगर से लिफ्ट किया जाएगा पानी अधिकारियों को दिए सर्वे के निर्देश कहा, जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत पेयजल योजना शीघ्र करें पूर्ण**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पौड़ी नगर की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान के लिये श्रीनगर से एक नई पलम्पग पेयजल योजना शुरू की जायेगी। इस योजना का शीघ्र सर्वे करने के निर्देश पेयजल निगम के अधिका. रियों को दे दिये गये हैं। इसके अलावा श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत विभिन्न वृहद पलम्पग पेयजल योजनाओं को शीघ्र पूरा करने को भी अधिकारियों को कहा गया है।

सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को शासकीय आवास पर श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने जलसंस्थान व पेयजल निगम के अधिकारियों से पौड़ी नगर की पेयजल समस्या को दूर करने के लिये श्रीनगर से नई पलम्पग पेयजल योजना शुरू करने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को नई पलम्पग योजना का शीघ्र सर्वे कर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। विभागीय मंत्री ने कहा कि पौड़ी नगर में पेयजल आपूर्ति सुलभ करने के लिये नई पेयजल योजना शुरू करना जरूरी है, तभी नगरवासियों को जल संकट से निजात मिल सकेगी। बैठक में डॉ. रावत ने अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर की पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुये कण्डारस्यूं-पैठाणी पलम्पग योजना, बिडोली ग्राम समूह पलम्पग योजना, एनआईटी सुमाड़ी पेयजल योजना तथा भीड़ा हंस्यूड़ी ग्राम समूह पलम्पग योजना को शीघ्र पूर्ण के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने एनआईटी सुमाड़ी पेयजल योजना से आस-पास के गांवों को भी अच्छादित करने, श्रीनगर में पेयजल आपूलत में उत्पन्न बाधाओं को दूर करने तथा थलीसैण नगर पंचायत क्षेत्र में जलापूलत सुचारू करने को भी अधिकारियों को कहा। इसके अलावा उन्होंने पेयजल योजनाओं से संबंधित वन विभाग में अनापत्ति को अटके प्रकरणों के शीघ्र निस्तरण को भी अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिडोली ग्राम समूह पलम्पग योजना में फॉरेस्ट क्लियरेंस का प्रस्ताव भारत सरकार को भेज दिया गया है, जबकि कण्डारस्यूं-पैठाणी पलम्पग योजना में फॉरेस्ट क्लियरेंस मिल चुका है, शीघ्र ही पेयजल योजना का कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा। इसके अलावा भीड़ा हंस्यूड़ी ग्राम समूह पलम्पग योजना का कार्य पूरा हो चुका है जबकि एनआईटी पम्पिंग योजना का कार्य अंतिम चरण में है।बैठक में जल जीवन मिशन के निदेशक विशाल मिश्रा, सचिव अप्रैजल जल संस्थान मनीष सेमवाल, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान प्रवीन सैनी, अधीक्षण अभियंता जल निगम पौड़ी मोहम्मद मीसम, अधिशासी अभियंता जलसंस्थान पौड़ी एस.के. राय, सहायक अभियंता जल संस्थान श्रीनगर कृष्ण कांत आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# नए शौचालय का लाभ न मिलने पर रोष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने नगर के मल्लीताल चीना बाबा मन्दिर के सामने पूर्व निर्मित सार्वजनिक शौचालय के स्थान पर नये शौचालय का निर्माण हो जाने के बाद भी उसका लाभ आम जनमानस को न मिलने के मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। मामले को लेकर चौधरी ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से गुजारिश की है कि नए शौचालय को जल्द से जल्द आम जनता के लिए खोला जाए ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। चौधरी के मुताबिक काफी समय पूर्व से शासन व प्रशासन के द्वारा नैनीताल मुखालय का सौंदर्यकरण कार्य वर्तमान में चल रहा है।

इसी क्रम में नैनीताल मुखायालय के अनेकों चौराहों का चौड़ीकरण की परिधि में जो भी दुकान व ढाबे आए उन्हें उस स्थान से तोड़कर हटा दिया गया। इस चौड़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत चीना बाबा मन्दिर मल्लीताल के सामने पूर्व में एक सार्वजनिक शौचालय विद्यमान था जिसे काफी समय पूर्व तोड़ा जा चुका है। उक्त पूर्व शौचालय के तोड़े जाने के फलस्वरूप आम जनमानस को शौचालय की सुविधा से वंचित होना पड़ता है। भौतिकी निरीक्षण पर पाया गया है कि उक्त पुराने शौचालय के स्थान पर नया शौचालय नीचे की ओर निर्मित किया जा रहा है। संभवत: नए शौचालय का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है परन्तु नव निर्मित शौचालय का प्रयोग किन परिस्थितियों में रोका गया है यह विचारणीय विषय है। इस स्थान पर शौचालय न होने के कारण कफी समय से आम जनमानस को अत्यधिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है, जिस कारण कुछ पुरुष व्यक्तियों को उक्त शौचालय के सामने खुले में शौच करते पाया जाते हैं जिससे गंदगी फैल रही है। अतएव इस नवनिर्मित शौचालय का उपयोग सार्वजनिक रूप से यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाना आम जनमानस की अपेक्षाओं के अनुरूप नितान्त आवश्यक है। चौधरी ने मामले ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से अनुरोध किया है कि वह अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नैनीताल व निर्माण संस्था को उक्त शौचालय को शीघ्र अति शीघ्र उपयोग के लिए खुलवाने हेतु निर्देशित करें।

# बोल्डर तुड़वाकर खुलवाया बंद नाला

**पालिकाध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने वीरवार को तल्लीताल बाजार वार्ड क्षेत्रान्तर्गत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरा पाया गया कि लांगव्यू पब्लिक स्कूल के समीप ग्रीन लीफ होटल के पास स्थित नाले में अत्यधिक मलुवा तथा बोल्डर फंसे होने के कारण बरसात का पानी सड़क में बहने से उक्त जल तल्लीताल बाजार क्षेत्र में प्रवेश करता है तथा बाजार क्षेत्र में जल भराव जैसी स्थिति बन जाती है एवं बरसात का पानी दुकानों एवं आवासीय भवनों में प्रवेश करता है जिससे क्षेत्रीय नागरिकों एवं व्यवसायियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जनहित तथा भविष्य में भारी बरसात के कारण संभावित दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत नगर पालिका के अभियंत्रण टीम तथा पर्यावरण मित्रों तथा लोक निर्माण विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से लांगव्यू पब्लिक स्कूल के समीप ग्रीन लीफ होटल के पास स्थित नाले में जोड़ी गयी अन्य नाली की सफाई कर मलुवे का निस्तारण किया गया तथा नाले में रुके बोल्डर को तोड़कर अवरुद्ध नाले को खोला गया जिसमें लगभग दो दिन का समय लगा। वर्तमान में उक्त क्षेत्र में अवरुद्ध नाला एवं छोटी नाली को पूर्ण रुप से सफ़ कर लिया गया है तथा पानी डालकर नाली के ढलान की भी जांच कर ली गयी है। ऐसे ही संयुक्त रूप से अन्य प्रभावित स्थलों का भी निरीक्षण कर समाधान किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण एवं समाधान कार्य के दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, तल्लीताल बाजार वार्ड की सभासद गीता उप्रेती, पालिका के सफाई दरा. गा दिनेश कटियार समेत संजय सौदा, धर्मेश प्रसाद समेत पर्यावरण मित्र व वर्क एजेंट ईश्वरी दत्त बहुगुणा एवं गैंग तथा लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए देश में अभूतपूर्व कार्य: जोशी

## सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत विकसित भारत संकल्प सभा का मसूरी मंडल में आयोजन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी के आयोजित विकसित भारत के अमृत काल के दौरान पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार की और से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन मसूरी विधानसभा क्षेत्र के मसूरी मंडल में किया गया।

विकसित भारत संकल्प सभा को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भारत सैन्य हथियारों का आयात करता था जबकि अब समय ऐसा है कि हम सैनिक हथियारों के निर्यातक के तौर पर लगातार उभर रहे हैं। डिजिटल पेमेंट पर भी भारत अग्रणी है और अब देश के प्रत्येक युवा, महिला, बुजुर्ग के हाथ में डिजिटल पेमेंट यूपीआई जैसी अहम जिम्मेदारी को स्वयं संभाले हुए हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि धारा 370 और 35ए को हटाने का काम भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने अर्थव्यवस्था में काफी उछाल प्राप्त की है।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में लखपति दीदी बनाने का काम लगातार जारी है, 1.65 लाख के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड की भाजपा सरकार प्रदेशहित के लिए काफी अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मसूरी पेयजल योजना की स्वीकृति भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुमोदन के बाद ही संभव हो पाई, जिसके लिए समस्त मसूरी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद प्रकट करती है। संकल्प सभा में मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा सहित कई सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सूचना**

आर्मी न0 4070017K रैंक RANK EX NK / TS नाम KALAM SINGH निवासी 17 THDC COLONY AJABPUR KALA DEHRADUN UTTARAKHAND.के अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम (NIHA) है जो कि गलत है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम (NEHA SAJWAN) है जिसे सैन्य अभिलेखों में परिवर्तन कराना चाहता हूं जिसको कोर्ट देहरादून से जारी शपथ पत्र IN UK99500318396000X एवं नोटरी द्वारा दिनांक 18-06-2025 व प्रमाणित एवं सत्यापित किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, शीशपाल सिंह पुत्र श्री कलम सिंह, निवासी- ग्राम मांजफ, पो.ओ.- थौलधार मांजफ, तहसील- प्रतापनगर, जिला- टिहरी गढ़वाल का निवासी हूँ। मैंने वर्ष 2000 में हाईस्कूल की परीक्षा संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में इंटर कॉलेज थौलधार मांजफ टिहरी गढ़वाल से उत्तीर्ण की थी, जिसका अनुक्रमांक 0707189 है। मेरी मार्कशीट कहीं खो गई है और अभी तक नहीं मिली है। यदि किसी को मेरी मार्कशीट मिल जाए तो वह मुझे वापस कर दे, भविष्य के लिए।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 446 **तिथि विस्तार सूचना** दि0: 19.06.2025

अपरिहार्य करणों से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), खोदरी पावर स्टेशन, डाकपत्थर (देहरादून), के द्वारा आंमत्रित निविदा सं0 **02/अ0अ0(उत्पा0)/ खोदरी/ 2025-26: ख्खोदरी विद्युत गृह में विभिन्न अग्निशमन यंत्रों (एबीसी एवं बीसी प्रकार) की रिफिलिंग"** की तिथियां निम्नवत विस्तारित की जाती हैं।

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 30.06.2025, 16:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 02.07.2025, 11:30 बजे
अन्य प्रात्रता मापदंड एवं शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# नालों की सफाई व चैनेलाइजेशन करें



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कमिश्नरी कार्यालय नैनीताल से मंडल के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद स्तर पर लंबित जमीनी विवादों के शीघ्र निस्तारण और मानसून काल में आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में वीरवार को विस्तृत जानकारी ली और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त रावत ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर एडीएम और एसडीएम न्यायालयों का निरीक्षण करें और तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा लंबित वादों के निस्तारण की प्रक्रिया गतिमान है जिनमें से अधिकांश वादों का निस्तारण हो चुका है और शेष का निस्तारण भी शीघ्र ही कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून काल के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियां पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। आयुक्त ने कहा कि ऐसे नाले या गदेरे जहां मानसून काल में अतिवृष्टि के दौरान जनहानि या संपति को खतरा होता है उनकी पूर्व से ही साफ-सफाई कर ली जाए और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया जाए साथ ही समस्त जिलाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि उनके जनपदों में ऐसे स्थानों के निकट जहां मार्ग बंद होने की घटनाएं प्राय: होती हैं वहां पूर्व से ही जेसीबी मशीनें तथा उनके चालक तैनात कर दिए जाएं ताकि मार्ग बंद होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से उसे खोला जा सके। इस दौरानए कुमाऊं आयुक्त ने जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह से कलसिया व रकसिया और देवखड़ी नालों के संबंध में जानकारी ली। इस पर जिला. धिकारी ने बताया कि इन नालों की सफाई तथा उनके चैनलाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य हेतु आवश्यक गाड़ी की अनुमति प्राप्त हो गई है जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में कुमाऊं मंडल के समस्त जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार भी जुड़े।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सैटेलाइट सुविधाएं जुटाने पर बल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** एरीज में आयोजित एफटीआईआर नामक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन के चौथे दिन ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने को सैटेलाइट सुविधाएं जुटाने पर बल दिया गया। वायु प्रदूषण समस्या के निदान के लिए सभी देशों को सामूहिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया गया। एफटीआईआर उपकरण से प्राप्त डाटा की प्रोसेसिंग पर गहन विचार विमर्श किया गया। एरीज सभागार में गुरुवार को जापान के विज्ञानी डा इसामु मोरिनो ने कहा कि ग्रीनहाउस गैसों की वृद्धि के चलते उपकरणों का विकास बेहद जरूरी हो गया है। साथ ही विश्व के हर हिस्से पर दूषित गैसों के उत्सर्जन की निगरानी के लिए सैटेलाइट सुविधाएं बढ़ानी होंगी। एफटीआईआर उपकरण अधिक संख्या में स्थापित करने होंगे। ताकि रासायनिक व भौतिक पदार्थों की तलाश आसान हो सके। इस बीच डाटा प्रोसेसिंग पर खास चर्चा की गई। विज्ञानी डा मैथियास फ्रे ने कहा कि स्पेक्ट्रोमीटर से ग्रीन हाऊस गैस की मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है। इसके लिए भावी पीढ़ी को भी तैयार करना होगा। डा जोहान मैलकट ने फ्लक्स मापन के महत्व को बताया और इस तकनीक पर प्रकाश डाला। डा. क्रिस्टोफ पेट्री ने इंस्ट्रूमेंट् एलाइनमेंट की नवीन विधियों का वर्णन किया द्य निदेशक डा. मनीष नाजा ने कहा कि वायुमंडलीय स्थिति पर निगरानी को लेकर एरीज में तमाम इंट्रूमेंट स्थापित किए गए हैं। मगर इसे काफी नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है। इसके लिए व्यापक स्तर पर एवरेनस कार्यक्रमों का संचालन जरूरी है। डा बृजेश कुमार ने हिमालय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन में आ रहे बदलावों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर बेल्जियम के विज्ञानी डा. महेश कुमार शा, एरीज के वरिष्ठ विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह, डा. उमेश दुम्का, डा. प्रियंका श्रीवास्तव समेत विभिन्न देशों के विज्ञानी मौजूद रहे।



**कार्यालय सहायक अभियन्ता, सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण**

पत्रांक :163 /सिं.उ.ख.गै./निविदा/ गैरसैंण : दिनॉक :19 / 06 /2025

**निविदा सूचना संख्याः- 04/स0अ0-तृतीय/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तराखंड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक- 03/07/2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | जॉबो की संख्या | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2701 ए0आर0 मद के अन्तर्गत कार्यो का विवरण। | | | | | |
| 1 | डुंग्री नहर का मरम्मत कार्य। | 9000.00 | 1 | 2 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 2 | मूसौं फीडर गूल मरम्मत कार्य। | 6000.00 | 1 | 2 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 3 | माथर नहर की गूल का मरम्मत कार्य। | 6000.00 | 1 | 2 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 4 | कालीमाटी नहर मरम्मत कार्य। | 6000.00 | 1 | 2 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 5 | सोनियाणा फीडर गूल मरम्मत कार्य। | 6000.00 | 1 | 2 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 6 | बच्छुवाबाण नहर मरम्मत कार्य। | 6000.00 | 1 | 2 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |

**-शर्तें-**

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्तो का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सहायक अभियन्ता
सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण

# दिव्या ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया

## 19 साल की दिव्या देशमुख ने ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में होउ यिफान को पराजित कर शतरंज जगत में सबको चौंका दिया



**लंदन, वार्ता।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर वन होउ यिफान को हरा कर शतरंज जगत में सबकों चौंका दिया है। नागपुर निवासी 19 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंतिम गेम में 74 चालों में जीत दर्ज की।

डब्ल्यूआर शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली यिफान ने राउंड-रॉबिन सेमीफाइनल मुकाबले के पहले चरण में दिव्या को हराया था, लेकिन दिव्या ने दूसरे चरण में जोरदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआती लाभ का फायदा उठाया। दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि पर जमकर तरीफ बटोरी हैं। दिव्या ने हेक्सामाइंड शतरंज क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्लिट्ज सेमीफाइनल मैच के दूसरे चरण के वन होउ यिफान को हराया। टीम ने ब्लिट्ज प्रतियोगिता में कांस्य पदक और रैपिड प्रारूप में रजत पदक जीता। दिव्या ने व्यक्तिगत पदकों में टीम रजत (रैपिड), टीम कांस्य (ब्लिट्ज) और व्यक्तिगत कांस्य शामिल हैं। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती, इसके बाद 2014 में डरबन में अंडर-10 और वर्ष 2017 में ब्राजील में अंडर-12 श्रेणियों में विश्व युवा खिताब जीते। दिव्या जल्दी ही महिला एफआईडीई मास्टर बन गईं और अक्टूबर 2021 तक उन्होंने महिला ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल कर लिया। दिव्या ने 2024 में बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत की टीम स्वर्ण पदक दिलाया और विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज चैम्पियनशिप के ब्लिट्ज सेगमेंट में 2600 से अधिक प्रदर्शन रेटिंग प्राप्त करके व्यक्तिगत सम्मान अर्जित किया।

### यिफान को हराने पर पीएम ने दिव्या को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीएम ने गुरुवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में चीन की दिग्गज और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान पर ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज प्रतियोगिता के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर वन खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। पीएम की इस पोस्ट पर दिव्या देशमुख ने लिखा कि धन्यवाद, आदरणीय पीएम द्वारा मुझे सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का हुआ अनावरण



● **सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा**

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी। इससे पहले इस सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। गुरुवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के अनावरण की घोषणा की। बोर्ड ने बताया कि पटौदी की विरासत को कोई हानि नहीं पहुंचेगी।

इस सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा।इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब इसका नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया है। इस मौके पर जेम्स एंडरसन ने कहा- मेरे और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि इस प्रतिष्ठित सीरीज का नाम सचिन और मेरे नाम पर रखा गया है। हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही कुछ खास रही है, जो इतिहास, तीव्रता और अविस्मरणीय क्षणों से भरपूर है। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट जीवन का प्रतीक है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं और अगर चीजें गलत हो जाती हैं तो यह आपको फिर से संगठित होने, सोचने, भूलने और वापसी करने के लिए एक और दिन देता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईपीएल-2025 ने तोड़े व्युअरशिप के रिकॉर्ड

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 ने व्युअरशिप के कई रिकॉर्ड तोड़े। इसे टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्म 840 बिलियन मिनट से ज्यादा देखा गया। इतना ही नहीं, पंजाब किंग्स और रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया फाइनल मैच अब तक सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना है। आईपीएल के आफिशियल ब्राडकास्टर जियोस्टार ने गुरुवार को पिछले सीजन के आंकड़े जारी किए। इसके अनुसार, इस भारतीय लीग के 18वें सीजन का वाच टाइम 840 बिलियन मिनट रहा। वहीं, पंजाब-बेंगलुरु फाइनल ने सभी प्लेटफार्म पर 31.7 बिलियन मिनट व्यूइंग टाइम हासिल किया। टीवी पर इसे 169 मिलियन लोगों ने देखा। जबकि डिजिटल प्लेटफार्म पर 892 मिलियन वीडियो व्यू और पीक समय में 55 मिलियन दर्शकों के साथ नए रिकॉर्ड बनाया। अहमदाबाद में 3 जून को खेले गए इस मुकाबले में बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रन से हराया था। आरसीबी की टीम ने पहली बार आईपीएल टाइटल अपने नाम किया था। जियोस्टार के स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरियंस के ब्ळ संजोग गुप्ता ने कहा- श्व्युअरशिप के नंबर्स फैंस के प्रति हमारा कमेंटमेंट दिखाते हैं। लाइव में डिजिटल व्युअरशिप 29 प्रतिशत बढ़ी, टीवी में 49 प्रतिशत पिछले साल की तुलना में जियो सटार ने डिजिटल व्यूइंग में 29 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। इसने 23.1 बिलियन से ज्यादा व्यूज और 384.6 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया। वहीं, लीग की कनेक्ट टीवी ग्रोथ 49 प्रतिशत रही। स्टार स्पोर्ट्स ने 456 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया।

### सूखे मौसम से बैटर्स को मदद की उम्मीद

# पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज से

● **लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, फरवरी से यहा बारिश नहीं हुई और मैदान सूखा पड़ा है**

**लीड्स, वार्ता।** भारत का बहुप्रतीक्षित इंग्लैंड टेस्ट दौरा अब बिल्कुल करीब है। पांच टेस्ट की इस सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से खेला जाएगा। इस बार लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, जो आमतौर पर इंग्लैंड दौरे का तीसरा टेस्ट होता है। इस बार यहां का मौसम भी कुछ अलग है।

फरवरी से यहां बारिश नहीं हुई है और मैदान एकदम सूखा पड़ा है। इससे पिच की तैयारी भी अलग तरीके से की गई है। पिच 3 दिन पहले तक देखने में हरी जरूर लग रही थी, लेकिन टेस्ट से पहले इसे अच्छे से काटा और रोल किया जाएगा। पिच क्यूरेटर रिचर्ड राबिन्सन कहते हैं, 'हम चाहते हैं कि पिच अच्छी और संतुलित हो, ताकि बल्लेबाज शाट खेल सकें। राबिन्सन की इस मैदान से जुड़ी कई यादें हैं। बचपन में यहीं पर उन्होंने 1981 की प्रसिद्ध एशेज सीरीज देखी थी, जिसमें लीड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड फालोआन खेलकर 18 रन से जीत गया था। अब राबिन्सन इस ऐतिहासिक मैदान पर एक और टेस्ट की जमीन तैयार कर रहे हैं। मेजबान टीम की कोशिश पहले गेंदबाजी की होगी मौसम विभाग के मुताबिक, टेस्ट के दौरान तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि, इतनी गर्मी के बावजूद पिच के टूटने की संभावना कम है। पहले दिन कुछ स्विंग या सीम मूवमेंट जरूर मिल सकता है, लेकिन उसके बाद यह पिच सपाट हो जाएगी। ब्रेंडन के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने 22 में से 16 बार टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है, जिनमें से उसे 9 मैचों में जीत मिली है। वहीं, 6 बार पहले बल्लेबाजी चुनने वाली टीम सभी मैच हार गई।

# रोहित-विराट के बिना ड्रेसिंग रूम सूना होगा


● **साथियों की गैरमौजूदगी पर छलका केएल राहुल का दर्द**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना ड्रेसिंग रूम साझा करना मुश्किल होगा। उनके बिना ड्रेसिंग रूम का माहौल सूना होगा। बता दें कि, विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी।

उनसे पहले रोहित शर्मा ने भी लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। इससे भारत को दोहरा झटका लगा था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम का एलान किया। केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ बातचीत में कहा- श्विराट और रोहित पिछले एक दशक से भारतीय क्रिकेट के स्तंभ रहे हैं और उनका न होना बहुत बड़ी कमी होगी। अपने अब तक के पूरे करियर में, मैं कभी भी ऐसी टीम के माहौल में नहीं गया, जहां न तो विराट और न ही रोहित मौजूद हों। केएल राहुल ने आगे कहा कि मैंने अब तक जितने भी टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से विराट या रोहित या दोनों ही हमेशा टीम का हिस्सा रहे हैं। उनके बिना ड्रेसिंग रूम में जाना थोड़ा अजीब जरूर लगेगा। लेकिन निश्चित रूप से उनके फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को अपना सबकुछ दिया है और वे हमेशा भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बने रहेंगे। लेकिन अब समय आ गया है कि हम सभी आगे आएं। भारतीय टीम इस सीरीज से विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गंभीर और गिल के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन रहना वाला है। पिछले कुछ समय से भारत का टेस्ट प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। किसी भी सीरीज से पहले इंट्रा स्क्वाड या अभ्यास मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। भारतीय टीम ने इंट्रा स्क्वाड मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना था जिससे विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी।

# कोहली के रिटायरमेंट के बाद नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे गिल



● **हेंडिग्ले टेस्ट से पहले पंत ने कन्फर्म किया, कहा कि मैं नंबर-5 पर खेलूंगा**

**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। जबकि वे खुद नंबर-5 पर खेलेंगे। 27 साल के पंत ने हेंडिग्ले टेस्ट से पहले कहा कि मिुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि नंबर-3 पर कौन खेलेगा, लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं 5वें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे।

12 मई को विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद भारतीय टीम में नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन खाली थी। इस पर कई दावेदार सामने आ रहे थे। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में नंबर-4 की पोजिशन सबसे अहम है। पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। गिल के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे पंत ने गिल के साथ अपने संबंध के सवाल पर कहा- श्मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है।

# इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीता भारत

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया फिर एक बार कोशिश के लिए तैयार है। टीम इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले के लीड्स स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के अनुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

टीम इंडिया 25 साल के युवा कप्तान शुभमन गिल की लीडरशिप में उतरेगी। वहीं इंग्लैंड की कमान 34 साल के अनुभवी आलराउंडर बेन स्टोक्स संभाल रहे हैं। 1932 में भारत ने इंग्लैंड के लार्ड्स स्टेडियम से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सफर करियर शुरू किया, लेकिन टीम यहां 94 साल में 3 ही टेस्ट सीरीज जीत सकी। भारत ने अपना क्रिकेट सफर

● **94 साल में 3 ही बार जीते, द्रविड़ ने दिलाई आखिरी सफलता**

1932 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेल कर ही शुरू किया। कर्नल सीके नायडू ने मुकाबले में भारत की कप्तानी की। हालांकि, टीम को लाड्र्स स्टेडियम में 4 दिन चले मुकाबले में 158 रन से हार का सामना करना पड़ गया।

1932 से 2025 तक 94 साल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेलीं। भारत ने 3 जीतीं, जबकि 2 ड्रा खेलीं। वहीं 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लिश कंडीशंस में इंग्लैंड के खिलाफ भारत महज 13: टेस्ट जीत सका है। भारत को इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने में 39 साल लग गए। 1971 में टीम इंडिया ने अजीत वाडेकर की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 2 मैच ड्रा कराए, वहीं आखिरी मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत को इंग्लैंड में पहली सीरीज जीतने से पहले 6 सीरीज गंवानी पड़ी थीं। 1971 के बाद भारत ने इंग्लैंड में 3 लगातार सीरीज गंवाईं, फिर कपिल देव की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज 2-0 से जीत ली। इसके बाद भारत ने 2002 में सौरव गांगुली की कप्तानी में 4 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा खेली, फिर 2007 में अगली ही सीरीज राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत ली। 2007 में जीत के बाद भारत को एमएस धोनी की कप्तानी में लगातार 2 सीरीज गंवानी पड़ीं।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप के लोगो का किया अनावरण

**चेन्नई, वार्ता।** हॉकी इंडिया और तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप 2025 के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। यहां आयोजित समारोह में हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 की मेजबानी के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और टूर्नामेंट के लोगो का आधिकारिक अनावरण भी किया।

आगामी 28 नवम्बर से 10 दिसंबर 2025 तक होने वाला यह दो सप्ताह का टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै शहरों में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में पहली बार दुनिया भर की 24 टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हमें गर्व है कि तमिलनाडु को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह न केवल हमारे राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। इस तरह के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करना सभी स्तरों पर खेल को समर्थन और विकास देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हॉकी इंडिया के महासचिव ने कहा कि चौथी बार एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करना एक सम्मान की बात है और प्रमुख खेल आयोजनों के एक भरोसेमंद और जोशीले मेजबान के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

# निसांका दोहरे शतक से चूके

**श्रीलंका, वार्ता।** पथुम निसांका (187) की शतकीय और दिनेश चांदीमल (53) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय चार विकेट पर 368 रन का स्कोर खड़ा कर बांग्लादेश को करारा जवाब दिया। यहां सुबह के सत्र में बांग्लादेश को 495 रन के स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पथुम निसांका और लहिरू उदारा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। 22वें ओवर में लहिरू उदारा (29) तैजुल इस्लाम ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई।

इसे बाद बल्लेबाजी करने आए दिनेश चांदीमल ने पथुम निसांका के साथ दूसरे विकेट लिए 157 रन जोड़े। 51वें ओवर में नईम हसन ने दिनेश चांदीमल (54) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। एंजलो मैथ्यूज (39) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। हसन महमूद ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे पथुम निसांका को बोल्ड कर बांग्लादेश को बड़ी सफलता दिलाई। पथुम निसांका ने अपनी 187 रनों की पारी में 256 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और एक छक्का लगाया। यह दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका के लिए बड़ा झटका रहा। दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका ने 93वें ओवर में चार विकेट पर 368 रन बना लिये है। वह अभी भी बांग्लादेश के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 127 रन पीछे है। कालमडु मेंडिस (नाबाद 37) और कप्तान धनंजय डीसिल्वा (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम, नईम हसन, हसन महमूद और मोमिनुल हक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के नौ विकेट पर 484 रन आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में बांग्लादेश ने कल के स्कोर में 11 रन जोड़े थे कि असिता फर्नांडो ने नाहिद राणा (शून्य) को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश की पारी का अंत पांच सौ के आंकड़े से पहले 495 के स्कोर पर कर दिया। हसन महमूद सात रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले मुशफिकुर रहीम ने (163), कप्तान नजमुल शान्तो ने (148) रनों की शतकीय तथा लिटन कुमार दास ने (90) रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेलकर बांग्लादेश को बड़ा स्कोर खड़ा करने में अहम योगदान दिया। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। श्रीलंका की ओर से असिता फर्नांडो ने चार विकेट लिए।

# ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी जेमिमाह रॉड्रिग्स



● **डब्ल्यूबीबीएल के हुए ड्राफ्ट के दौरान जेमिमाह रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 में हिट ब्रिस्बेन के लिए खेलेंगी। डब्ल्यूबीबीएल के गुरुवार को हुए ड्राफ्ट के दौरान रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें रिटेन कर अपनी टीम में बनाये रखा। पिछले वर्ष हीट के लिए खेलते हुए रॉड्रिग्स ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्द्धशतक सहित कुल 267 रन बनाए थे।

रॉड्रिग्स ने रिटेन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं अपने परिवार के साथ वापस जुड़ गई हूं और टीम से जुड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। यह रॉड्रिग्स का चौथा डब्ल्यूबीबीएल सत्र होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की ओर से खेल चुकी हैं। कुल मिलकर उन्होंने इस लीग में 30 मैच की 28 पारियों में 26 को औसत और 121 के स्ट्राइक रेट से 644 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

### चोटिल विंडीज खिलाड़ी हेले मैथ्यूज की होगी सर्जरी

**एंटीगुआ, वार्ता।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज कंधे की चोट की सर्जरी करवाने के लिए कुछ समय के लिए मैदान से बाहर रहेंगी। मैथ्यूज को इंग्लैंड दौरे के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी, जिसके कारण वह सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल पाई थीं। कैरिबियाई 27 वर्षीय मैथ्यूज दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए वापस लौटीं। हालांकि वह आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप में वेस्टइंडीज की टीम हिस्सा नहीं होगी। मैथ्यूज सर्जरी कराकर 2026 तक पूरी तरह से फिट होना चाहती हैं।



## कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तराखंड व यूपी के अफसरों ने बनाई रणनीति

# ट्रैफिक, भीड़ नियंत्रण पर मिलकर करेंगे काम

**आकाश त्यागी**

**गुरुकुल नारसन।** आगामी कावड़ मेला 2025 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से कोतवाली मंगलोर क्षेत्र के होटल पेसफिक में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के पुलिस अधिकारियों ने आपसी तालमेल सहयोग से यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने की रणनीति बनाई।

**❖बैठक कर हरिद्वार जनपद के पुलिस उपाधीक्षक व मुजफ्फरनगर जिले के अफसरों ने आपसी तालमेल से काम करने की बनाई सहमति**



अवगत करादें कि कावड़ मेला 2025 कुछ समय पश्चात प्रारंभ होने जा रहा है, सुध्दृड पुलिस प्रबंधन तथा आपसी तालमेल के जरिए कावड़ मेला 2025 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से आज दिनांक 19/6/25 कोतवाली मंगलौर के होटल पेसिफिक में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के पुलिस अधिकारियों द्वारा आपस में बेहतर तालमेल बनाए रखने के उद्देश्य से गोष्टी का आयोजन किया गया जिसमें 'ट्रैफिक प्लान, भीड़ नियंत्रण, डायवर्सन, आदि अनेक विषयों पर चर्चा हुई उक्त गोष्ठी मे सीओ मंगलौर विवेक कुमार,सीओ रुडकी नरेन्द्र पंत, सीओ देवबन्द रविकान्त परासर, सीओ सदर बरला देवव्रत , प्रभारी निरी0 मंगलौर, प्रभारी निरी0 देवबन्द, प्रभारी निरी0 भगवानपुर, रुडकी, झबरेडा, खानपुर, थानाध्यक्ष पुरकाजी' आदि अनेक चौकी प्रभारी मौजूद रहे जिसमे आगामी कावड़ मेला 2025 को बेहतर तालमेल के साथ सुचारू रूप से संपन्न करने के संबंध में चर्चाए की गई ।

# सीडीओ ने किया नारसन ब्लॉक में ऑर्गेनिक उत्पादों का निरीक्षण

**❖सीडीओ ने एफपीओ के कार्यों की गहन समीक्षा व उत्पादों की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया एवं बाजार उपलब्धता के संबंध में विस्तार से ली जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** जनपद की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने आज नारसन विकासखंड के जीवामृत एफपीओ का भ्रमण कर वहां तैयार किए जा रहे ऑर्गेनिक जैगरी (गुड़) उत्पादों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एफपीओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की और उत्पादों की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया एवं बाजार उपलब्धता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।



सीडीओ महोदया ने एफपीओ के किसानों, उनके उत्पादों तथा टर्नओवर से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने ष्सनलाइट ऑर्गेनिक बी कीपरष् का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने शहद की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग क्वालिटी और विपणन प्रक्रिया का अवलोकन किया। सीडीओ हरिद्वार ने संबंधित विकासखंड टीम को निर्देशित किया कि एफपीओ एवं शहद उत्पादकों से संबंधित जितनी भी महिला किसान विभिन्न सीएलएफ से जुड़ी हैं, उन्हें इन इकाइयों से जोड़ा जाए और आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे उनके कौशल में वृद्धि हो और उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर प्राप्त हों। इस भ्रमण में परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री कैलाश नाथ तिवारी, ग्रामोत्थान परियोजना के जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय सक्सेना, खंड विकास अधिकारी नारसन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोबाइल दुकान स्वामी ने नगर निगम कर्मचारी कर्मचारी को दफ्तर में घुसकर पीटा, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एक मोबाइल की दुकान चलाने वाले व्यापारी ने पैसे के लेनदेन को लेकर नगर निगम के कर्मचारी को निगम के दफ्तर में घुसकर मारपीट की जिसका घटना की वीडियो भी वायरल होने के बाद कर्मचारियों में आक्रोश है। वहीं कर्मचारी यूनियन ने आरोपी के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग करते हुए हंगामा किया। उक्त मामल में पीडित की शिकायत पर मेयर ने भी आरोपी दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये है।



रुड़की नगर निगम में आउटसोर्स के पद पर कार्यरत अर्पित ने नगर निगम मेयर अनीता अग्रवाल को शिकायत पत्र देकर बताया कि नगर निगम की मार्किट में मोबाइल की दुकान चलाने वाले नौशाद नाम के व्यापारी ने नगर निगम में आकर उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल भी छीन लिया। आरोप है कि उक्त व्यापारी द्वारा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने आरोपी व्यापारी की दुकान का लाइसेंस निरस्त करने के साथ उसके ऊपर कानूनी कारवाई की मांग की। वहीं शिकायत मिलने के बाद मेयर अनीता अग्रवाल द्वारा पुलिस को तहरीर दी और व्यापारी पर मारपीट,मोबाइल छीनने,गाली गलौज,जान से मारने की धमकी के अलावा सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया। मेयर द्वारा संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कारवाई की मांग की गई। वहीं इस घटना के बाद मोबाइल विक्रेता भी नगर निगम पहुंचे वहीं कर्मचारी भी एकत्र रहे। वही निगम कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष धन प्रकाश शर्मा व सनाती बिरला भी मौका पर पहुंचे और कर्मचारियों के समर्थन में हड़ताल करने की चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक आरोपी दुकानदार से दुकान खाली न कराई जाए और कानूनी कार्रवाई नहीं होगी तब तक वह चौन से नहीं बैठेंगे।

## शांति भंग में एक युवक गिरफ्तार

**रूडकी।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति को आमदा फौजदारी करने पर शांति भंग मे गिरफ्तार किया है। दिनाँक 18-19.05.2025 की रात्रि मे कानि0 26 तेजवीर व होगा0 ईश्वर सिह गश्त कर रहे था दौराने गश्त डायल 112 की झगडें की सूचना पर जब उक्त कर्म0गण मोहनपुरा मौके पर पंहुचे तो पंकज पुत्र सुरेश निवासी मोहनपुरा कोतवाली रूड़की जनपद हरिद्वार अपनी पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा गाली-गलौच कर रहा हो हल्ला कर रहा था। जिसके सम्बन्ध में हम कर्मगणों द्वारा पंकज उपरोक्त को काफी समझाया बुझाया गया लेकिन उक्त व्यक्ति नहीं माना और उत्तेजित होकर मारपीट पर उतारू हो गया गिरफ्तार किया गया। 'गिरफ्तार अभियुक्त' पंकज पुत्र सुरेश निवासी मोहनपुरा कोतवाली रूड़की जनपद हरिद्वार है।

# मानकपुर आदमपुर में रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा झबरेड़ा क्षेत्र के गाँव मानकपुर आदमपुर में बुधवार की शाम को आयोजित बलिदान दिवस एव श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान पर कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया सर्वप्रथम रानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया वक्ताओं ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे जिन्होंने अपना राज पाठ और परिवार को त्याग कर अपने जीवन को देश की रक्षा और आजादी के लिए समर्पित कर दिया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।प्रसिद्ध कवि किसलय क्रांतिकारी ने बलिदान पर अपना काव्य पाठ किया और अन्य कवियों ने भी रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया कार्यक्रम का संचालन चौ. अनुभव एडवोकेट ने किया और अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री डॉ रामपाल सिंह ने की इस अवसर पर किशलय क्रांतिकारी , रोहिताश आर्य,रामकुमार चौहान,ऋषिपाल सिंह,ऋतिक आर्य,दीपक आर्य,कुलवीर प्रधान,आयुष आर्य,हाकम सिंह आर्य,अशोक आर्य,जगपाल आर्य,डॉ मनोज कुमार,राहुल एडवोकेट,मोहित कुमार,राजू आर्य,प्रधान जय सिंह,डॉ पहल सिंह सैनी,शेषराज सिंह,राधेश्याम,ऋषभ ,पंकज परमार ,अमरीश कुमार,सूरज शर्मा, गार्गी ,अंतिम,जिया ,इसम सिंह मुखिया ,संदीप मास्टर,लक्ष्य परमार,लखन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अगले साल हज पर जाने वाले जुलाई के पहले सप्ताह शुरू कर सकते हैं आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हज यात्रा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना हैं।जिसके लिए उत्तराखंड हज कमेटी ने इच्छुक आवेदकों को पासपोर्ट तैयार करने को कहा।

हज यात्रा 2026 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंम्बई ने तैयारी शुरू कर दी हैं।उत्तराखंड हज कमेटी के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुंबई के सर्कुलर के अनुसार हज यात्रा 2026 जुलाई के पहले सप्ताह मे होने की संभावना है।उत्तराखंड से हज यात्रा के लिए आवेदन करने के इच्छुक आवेदक अपना मशीन से पठनीय वैद्य पासपोर्ट तैयार रखे।जिन इच्छुक आवेदकों के पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2026 से पहले खत्म हो रही हो ऐसे इच्छुक हज आवेदकों को जल्द नए पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपना इन्टरनेशनल पासपोर्ट बनवा लें ताकि हज यात्रा 2026 की घोषणा होते ही हज के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सके। नुसुक मसार पॉर्टल की प्रारंभिक आवश्यकता के आधार पर नए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को सलाह दी जाती है कि उपनाम अंतिम नाम फील्ड को खाली नही छोड़ा जाए।

## रुड़की पुलिस व गोवंश स्क्वाड की संयुक्त टीम ने

# दो कुंतल गोमांस सहित दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** पुलिस व गोवंश स्क्वाड गढ़वाल परिक्षेत्र की संयुक्त टीम के द्वारा गौकशी के 02 अभियुक्त को 210 किलो ग्राम गोमांस और कटान उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गोकशी मे संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय तथा क्षेत्राधिकार रुड़की महोदय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव के द्वारा थाना क्षेत्र मे गोकशी व पशु क्रूरता करने वालो के विरूध्द चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 18.06.2025 को पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुयी कि उमरगुल ने शादाब के साथ मिलकर एक बैल काटा जिसका माँस मच्छी मौहल्ला मे स्थित शादाब की दुकान पर बेचने के लिए रखा है । इस सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा शादाब की दुकान पर छापामारी की गयी, पशु चिकित्सक डाँ0 रोहित कुमार को मौके पर बुलाया गया था जहाँ पशु चिकित्सक के द्वारा शादाब की दुकान से बरामद मांस को प्रथम दृष्टता गोमांस होना बताया गया । शादाब व उमरगुल को मौके से ही गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 210 किलोग्राम गोमांस व गोकशी के कटान उपकरण बरामद हुये है । जिसके आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 217/2025 धारा 3/5/11 गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण'1. मौहम्मद शादाब पुत्र मौहम्मद मुर्तजा नि० सती मौहल्ला कोतवाली रुड़की हरिद्वार उम्र 30 वर्ष 2. उमर गुल पुत्र फुरकान नि० मौहल्ला माहीग्रान कोतवाली रुड़की हरिद्वार उम्र 19 वर्ष'बरामदगी' 210 कि0ग्रा गौवंशीय पशु का मांस गौकशी उपरकण (01 चापड़, 01 छुरी) पुलिस टीम' 1.उप निरीक्षक आनन्द मेहरा कोतवाली रूडकी 2. का0 सुरेश तोमर कोतवाली रूडकी 3.कानि0 प्रदीप डंगवाल कोतवाली रूडकी 4.का0 प्रवीण सैनी (उ0ख0 गोवंश संरक्षण स्कॉड हरिद्वार उत्तराखण्ड)5.म0का0 लखमीरी (उ0ख0 गोवंश संरक्षण स्कॉड हरिद्वार उत्तराखण्ड) शामिल रहे।

# योग दिवस पर नेहरू स्टेडियम में होगा भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत स्वाभिमान न्यास के द्वारा योग दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशाल योग शिविर का आयोजन नेहरू स्टेडियम में होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजकों ने पत्रकार वार्ता की। सिविल लाइंस स्थित जिला पंचायत अतिथि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग दिवस की शुरुआत की जिसे आज पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा राम देव ने योग का डंका पूरे विश्व में बजाया है और अपने स्वस्थ जीवन के लिए योग को हर एक व्यक्ति अपनी दिनचर्या में शामिल करें। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अथिति पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक रहेंगे और अध्यक्षता मेयर अनिता अग्रवाल करेंगी।

# पड़ोसी ने की मारपीट घायल व्यक्ति ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी** फतवा गांव निवासी एक ग्रामीण ने अपने पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर जमकर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। घायल ने मामले की तहरीर भिक्कमपुर पुलिस चौकी में दी है। फतवा गांव निवासी अशोक कुमार ने भिक्कमपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि 16 जून को रात के समय वह पड़ोस से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान उसके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उसे रास्ते में मिला। आरोप है कि इस दौरान उस व्यक्ति ने अशोक को गाली गलौज करनी शुरू कर दी। अशोक के विरोध करने पर उस व्यक्ति ने गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी जिससे वह घायल हो गया। अशोक के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए। लोगों को मौके पर आता देख मारपीट करने वाला व्यक्ति मौके से भाग निकला। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल भिजवाया। अशोक ने मामले की तहरीर पुलिस में देकर मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भिक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना है कि मामला संज्ञान में है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# खुलेआम राइफल लेकर गांव में दहशत फैलाने वाले को पुलिस ने हथियार सहित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** नारसन चौकी पुलिस ने लोगों की सूचना पर राइफल लेकर गांव मे दहशत फैलाने फैलाने वाले युवक को राइफल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक आदतन अपराधी व नशे का आदि है

जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी नारसन ने बताया कि दिनांक 19/06/25 को ग्राम खेड़ा जट से ग्राम वासियों द्वारा सूचना दी गई कि एक युवक नाम अक्षय उर्फ (मेंटल) गांव में राइफल लेकर घूम रहा है जो कि पहले भी लूट/तमंचे के मुकदमों में जेल जा चुका है, नशे का आदि है, गांव में भय का माहौल है कोई भी अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहा है, सूचना पर मैं चौकी प्रभारी नारसन मय फोर्स के ग्राम खेड़ा जट में पहुंचा जहां उक्त युवक गांव में ही अपने मकान के पास राइफल सहित घूमता हुआ दिखा, टेक्टिकल तरीके से उक्त युवक को घेर घोट कर हिरासत में लिया गया, युवक के हाथ में लिए राइफल का निरीक्षण किया तो एयर गन का होना पाया गया, जो कि हू ब हू असली राइफल जैसी लग रही थी, युवक आदतन अपराधी व नशे का आदि है एयर गन से डरा धमका कर कोई अपराध कर सकता है।

# चोरी के जेवर खरीदने के शक में सुनार से पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी** सिविल लाइंस पुलिस ने चोरी के जेवरात खरीदने के मामले में मंगलौर क्षेत्र के एक सुनार को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। सूचना पर बड़ी संख्या में मंगलौर के सुनार कोतवाली पहुंचे। उन्हें बताया गया कि पूछताछ की जा रही है। किसी को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। ढंढेरा क्षेत्र निवासी एक किशोरी को झांसा देकर दो युवकों ने उससे जेवरात ठग लिए थे। बाद में किशोरी ने अपने परिजनों को बताया। परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की तो युवकों के हुलिए के आधार पर उन्हें पकड़ लिया गया। युवकों ने पूछताछ में मंगलौर के एक सुनार के यहां जेवरात बेचे जाने की बात कही। इसपर पुलिस ने क्षेत्र से एक सुनार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसे लेकर मंगलौर के सुनार कोतवाली पहुंचे तो गहमागहमी मची रही। इंस्पेक्टर मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# सट्टे की खाईबाड़ी करते एक सटोरिया दबोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक सटोरिया को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 790 नकद सट्टा पर्ची व पेन बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में सलीप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था 18 जून 2025 को चेकिंग के दौरान लक्सर निवासी एक व्यक्ति को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 790 रूपए नकद सट्टा पर्ची एक पेन बरामद हुआ पूछताछ करने पर उसश व्यक्ति ने अपना नाम शसलीम पुत्र अशरफ निवासी राधा स्वामी सत्संग भवन के पास वार्ड नंबर 8 लक्सर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार कांस्टेबल मनोज शर्मा है।

# जीएसटी चोरी को लेकर विभाग की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जीएसटी चोरी की शिकायत के बाद जीएसटी विभाग की टीम ने शहर के एक मोहल्ले में छापा मारा कई की जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार रुड़की के राजपुताना मोहल्ले में एक थोक विक्रेता के घर पर आज जी एस टी विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में जी एस टी चोरी कर घर मे रक्खा हुआ सामान बरामद किया जिसे कई ट्रकों में लादकर कार्यलय ले जाया गया इस मौके पर जी एस टी विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

रुड़की जीएसटी विभाग के सहायक अभियंता अंजनी कुमार सिंह ने बताया जी एस टी विभाग को सूचना मिली थी कि रुड़की के राजपुताना में किसी व्यापारी द्वारा बड़ी तादाद में जी एस टी चोरी कर कई ट्रक बोरे बीड़ी सिगरेट व तम्बाकू आदि का सामान घर पर छुपाया हुआ है। जिसको जब्त कर कार्यलय ले जाया जाएगा। जिसके बाद उसके टेक्स चोरी आकलन किया जाएगा



जिसके पश्चात उक्त व्यापारी पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

# राजकीय महाविद्यालय मंगलौर में प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की** राजकीय महाविद्यालय मंगलौर में संस्कृत परिषद के तत्वाधान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के कल गीत का गायन हुआ साथ ही महाविद्यालय की पत्रिका व हिन्दी विभाग की दो पुस्तको का विमोचन किया गया।

महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में गायन प्रतियोगिता में प्रथम सोनाली द्वितीय भारती बीव एव षष्टम सेमेस्टर और गुलफिशा बीव एव षष्टम सेमेस्टर तृतीय स्थान पर रही। एकल नृत्य प्रतियोगिता में वर्षा प्रथमए पूजा द्वितीय एवं संजना तृतीय स्थान पर रही। काव्य पाठ प्रतियोगिता में भारती प्रथमए काजल द्वितीय एवं इलमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वाद.विवाद प्रतियोगिता में वर्षा प्रथमए सावेज आलम द्वितीय एवं संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समारोहक डॉक्टर तीर्थ प्रकाश ने छात्र. छात्राओं को अपने जीवन में निरंतर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। डॉक्टर रचना वत्स विभाग अध्यक्ष अर्थशास्त्र



ने छात्र.छात्राओं को अपने जीवन में नई बुलंदियों को छूने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रेमलता कुमारी ने बताया कि पूर्व में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में महाविद्यालय की छात्रा चांदनी ने जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में डॉक्टर अनुरागए श्रीमती शर्मिष्ठाए श्रीमती गीता जोशीए कुमारी निजेशए श्री फैजान अलीए श्री सूर्य प्रकाशए श्री रोहितए श्री सनी एवं भारी संख्या में महाविद्यालय के छात्र.छात्रा उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति मुर्मू पहुंची दून, राज्यपाल व सीएम ने किया अभिनंदन

## राष्ट्रपति करेंगी राष्ट्रपति निकेतन में पार्क का उद्घाटन



■ शुक्रवार को राष्ट्रपति आशियाना के पार्क का होगा उद्घाटन, खुलेगा आमजनता के लिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अपने देहरादून प्रवास के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु गुरुवार की शाम करीब 4 बजे देहरादून पहुंच गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के उत्तराखण्ड आगमन पर गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया।

### राष्ट्रपति देंगी जनता के लिए सौगात

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देहरादून सहित राज्यवासियों को कल (आज) एक सौगात देने जा रही हैं। राजपुर रोड स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना को आम जनते के लिए पार्क के रूप में विकसित किया गया है। अब राष्ट्रपति निकेतन के रूप में जाना जाएगा। राष्ट्रपति की शानबान और आन की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराता हुआ देहरादून में स्थित राष्ट्रपति निकेतन का कायाकल्प किया गया है। अक्सर बंद ही रहने वाला ये भवन अब आम जनता के लिए भी पर्यटन स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। करीब 132 एकड़ में फैले राष्ट्रपति आशियाना यानी निकेतन का अपना भरा पूरा इतिहास है। इसमें 19.5 एकड़ लोअर स्टेट का हिस्सा है। राष्ट्रपति निकेतन के परिसर में हराभरा पार्क बनाया गया है। इसका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 20 जून शुक्रवार को उद्घाटन करेंगी, और राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाद ये स्थान एक तरीक से जनता के लिए खोल दिया जायगा।

## राष्ट्रपति निकेतन : 100 साल पुराने इतिहास का पुनर्जागरण

■ आशियाना के नाम से भी प्रसिद्ध भवन के जनता के लिए खुलेंगे द्वारा

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**देहरादून।** देहरादून की हरी-भरी वादियों में स्थित ऐतिहासिक 'राष्ट्रपति निकेतन' (आशियाना) अब आम जनता के लिए भी खोल दिया जाएगा। करीब 100 वर्षों से अधिक पुराने इस भवन का इतिहास जितना गौरवशाली है, उतना ही रोचक इसका कायाकल्प भी रहा है। देहरादून के राजपुर रोड पर जाखन के पास स्थित इस आलीशान भवन को अब राष्ट्रपति निकेतन के रूप में संबोधित किया जाने लगा है।

**आशियाना का जीर्णोद्धार व नवजीवन**

करीब दो दशकों की उपेक्षा के बाद 2015-16 में इसका भूकंपीय सुदृढ़ीकरण किया गया। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) की मदद से भवन को आधुनिक रूप दिया गया। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने आशियाना का दोबारा उद्घाटन किया और यहां रात्रि विश्राम किया था। ये ऐसा मौका था जब 18 वर्षों में पहली बार कोई राष्ट्रपति यहां रुके थे। आज, ये पूरा भवन न केवल एक भव्य रिट्रीट है, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक दर्शनीय स्थल भी बन चुका है।



### अस्तबल से आशियाना तक का सफर

साल 1838 में इसे राष्ट्रपति अंगरक्षक ( प्रेजिडेंट्स बॉडीगार्ड-पीबीजी ) के घोड़ों के ग्रीष्मकालीन शिविर के रूप में विकसित किया गया था। एक जमाना था जब यहां राष्ट्रपति के अंगरक्षकों के घोड़े बड़ी तादाद में रहते थे। फिर 1920 के दशक में यह पीबीजी कमांडेंट का आवास बना। असली पहचान तब मिली जब 1975-76 में राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने इसे आधिकारिक रिट्रीट के रूप में परिवर्तित करवा कर इसका नाम "आशियाना" रखा। इसके बाद नीलम संजीव रेड्डी, ज्ञानी जैल सिंह और के.आर. नारायणन जैसे राष्ट्रपतियों ने यहां समय बिताया। लेकिन 1998 के बाद इसे बंद कर दिया गया और भवन जर्जर होने लगा था।

**फिर से बनेगा गौरव का प्रतीक**

237 एकड़ में फैला राष्ट्रपति आशियाना अब एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के रूप में उभरेगा, जो आने वाले वर्षों में उत्तराखंड के पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

**जनता के लिए ऐतिहासिक तोहफा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निर्देश पर राष्ट्रपति निकेतन (आशियाना) आम नागरिकों के लिए खोलने का निर्णय लिया गया है। 20 जून को यानी आज राष्ट्रपति मुर्मु इसके एक विशेष सार्वजनिक पार्क का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें कैफेटेरिया, गाइडेड टूर, स्मारिका स्टोर, एम्फीथिएटर, घुड़सवारी की सुविधा जैसी सुविधाएं आम लोगों के लिए उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री आवास में योगाभ्यास का आयोजन

## सीएम बोले, योग आंतरिक शांति व आत्मबोध की प्रक्रिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री आवास परिसर में गुरुवार को योगाभ्यास किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक प्रक्रिया है। यह हमारे मन को स्थिर कर चेतना की गहराइयों तक पहुँचाने का माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने सदैव मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है और हमारी सनातन संस्कृति का मूल स्तंभ योग है। यही कारण है कि आज योग दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और भारतीय जीवन शैली को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों ने समर्थन दिया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड योग और ऋषि मुनियों की भूमि है। ग्राम स्तर तक सभी लोग योग से जुड़े, सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास किए गए हैं। योग से रोजगार के अवसर बढ़ाये जा रहे हैं। उत्तराखंड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए नई योग नीति लाई गई है।

## इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय आधरित हों ठोस योजनाएं: धामी

■ नवाचार परक प्रस्ताव करें तैयार, प्रदेश का हो समग्र सतत व संतुलित विकास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 24 जून को वाराणसी (बनारस) में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय की भावना के अनुरूप ऐसे ठोस और नवाचारपरक प्रस्ताव तैयार किए जाएं जो प्रदेश के समग्र, सतत और संतुलित विकास को नई गति प्रदान कर सकें।

बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को राज्य में बच्चों के पोषण, शारीरिक और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग को नियमित रूप से कुपोषण और एनीमिया के मामलों की समीक्षा करने तथा बच्चों की स्थिति में सुधार हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जिला स्तर पर ऐसे प्रयासों की निगरानी और मूल्यांकन की व्यवस्था सशक्त की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, अपर पुलिस महानिद. शक ए.पी. अंशुमन, सचिव विनोद कुमार सुमन एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों का भविष्य ही राज्य और देश का भविष्य है, अत: उनके समग्र विकास के लिए एक समेकित और लक्ष्य आधारित योजना बनाई जाए। उन्होंने आईसीडीएस (समेकित बाल विकास योजना), खाद्य सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा खेल विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा, ताकि बच्चों को उचित पोषण, खेल गतिविधियां, स्वास्थ्य सेवाएं और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

## डेवलपर्स से वसूली अभियान में तेजी लाएगा रेरा

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने रेरा प्रोजेक्ट से संबंधित शिकायतों का तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जो मामले 3 वर्ष से अधिक (2022 से पूर्व के) पेंडिंग है पहले उनको प्रायोरिटी के आधार पर शीघ्रता से निस्तारित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विकासकर्ताओं से वसूली की जानी है उनसे वसूली का कार्य भी तेजी से पूरा करें। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष रेरा अमिताभ मित्रा, सचिव ईला गिरि, उपसचिव अर्पण कुमार राजू तथा अनु सचिव नरेंद्र सिंह रावत बैठक में उपस्थित थे।

## पंचायतें खुद जुटाएंगी अपना राजस्व, नियमावली बनेगी

■ मुख्यमंत्री सचिव ने केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में पंचायते अब खुद अपना राजस्व जुटाने का काम करेंगी । इसको लेकर नियमावली भी तैयार की जाएगी। मुख्य सचिव ने पंचायती राज विभाग को राज्य वित्त आयोग के दिशा - निर्देशों की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पंचायत को अपने रेवेन्यू सोर्स जनरेट करने के लिए तीन माह के भीतर नियमावली बनाने के निर्देश दिए।

नागरिकों को ग्राम पंचायत स्तर पर सभी महत्वपूर्ण सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी देने के लिए ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करने तथा इसके लिए तत्काल पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद में राज्य की ओर से रखे जाने वाले बिंदुओं की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में सचिव चंद्रेश कुमार व विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, श्रीमती सोनिका, विनीत कुमार, हिमांशु खुराना, अपूर्वा पांडेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित योजना और कार्यक्रमों के इंप्लीमेंटेशन का स्तर इंप्रूव करने के निर्देश दिए ताकि कुपोषण, अल्प पोषण, वेस्टिंग, कम वजनी इत्यादि बाल विकास के अवरोधों में कमी लाई जा सके तथा इससे संबंधित इंडिकेटर के सूचकांक को भी बेहतर किया जा सके।




शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 20 जून 2025

# अमेरिका का आचरण

अमेरिका का एक बार फिर दोहरा चरित्र सामने आया है। इस समय पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर अमेरिका के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उनके सम्मान में न सिर्फ व्हाइट हाउस में लंच दिया, बल्कि उनकी जमकर तारीफ भी की। लंच देने से कुछ घंटे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रम्प के बीच 35 मिनट तक फोन पर बात हुई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाक सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीज फायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प मुनीर से मुलाकात के बाद मीडिया में एक बार फिर कह बैठे कि यह युद्ध उनके प्रयासों से ही समाप्त हुआ था।

यह बात अलग है कि उन्होंने इसके लिए आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री मोदी की यह कहकर प्रशंसा भी की कि इनकी सूझबूझ और दूरदर्शिता के बीच ही सीजफायर संभव हो पाया था। मतलब साफ है कि अमेरिका की नजर में भारत और पाक एक समान हैं। इनमें कोई अंतर नहीं है, जबकि दुनिया जानती है कि पाक किस तरह आतंकवाद की पनाहगाह बना हुआ है, लेकिन लगता है कि अमेरिका को इससे कोई मतलब नहीं है। उसके लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। निश्चित रूप से ट्रम्प का यह व्यवहार भारत के लिए किसी से झटके से कम नहीं है। जाहिर है, जिस तरह का वातावरण बना हुआ है, इससे भारत में राजनीति तो गर्मानी ही थी, जो गर्माती भी दिखाई दे रही है। विपक्ष भारत की विदेश नीति को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

आरोप लगा रहा है कि यह भारत की विदेश नीति में कमी ही कही जाएगी कि विश्व में हम अकेले पड़ते जा रहे हैं। जिस ट्रम्प का हम कल तक गुणगान करते नहीं थकते थे वह भारत पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की होड़ में पीएम मोदी को बार-बार असहज कर रहा है। एक नहीं बल्कि 13 बार वह ऐसा अनेक अवसरों पर कह चुके हैं। अमेरिका में नहीं जब वह अमेरिका के बाहर दौरे पर होते हैं, तब भी वह यह कहते नहीं थकते कि उन्होंने ही भारत पाक के बीच सीजफायर कराया और उसका कारण भी बताते हैं कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर दोनों को सहमत होने के लिए मजबूर किया।

पाक के आर्मी चीफ आसिम मुनीर तो ट्रम्प के मेजबानी से इतने गदगद हैं कि उन्होंने उनको नोबेल पुरस्कार भी देने की बात कह डाली। उनकी नजर में जिस तरह उन्होंने शांति के लिए भारत-पाक के बीच युद्ध रोकने में मदद की उसके चलते ट्रम्प नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं। ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह भी चौंकाने वाले हैं। जैसाकि उन्होंने आसिम मुनीर की मौजूदगी में कहा कि इन दो बहुत चतुर लोगों ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था। जाहिर है, यह पूरा परिदृश्य बताता है कि भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। जहां तक बात भारत सरकार की है चाहे वह इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करे या न करे लेकिन उसकी तरफ से जिस तरह के संकेत आए हैं वह भ्रम की स्थिति ही पैदा कर रहे हैं और विपक्ष को हमलावर होने का मौका दे रहे हैं।

## भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर ध्यान



पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उनके मतभेद हैं, वे लोग कौन हैं, जिनके बारे में मैं बात कर रहा हूं। उन्हें आप (मीडिया वाले) अच्छे से जानते हैं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं, कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्धांत उन्हें पसंद हैं, 16 साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें अपना करीबी दोस्त और भाई मानते हैं, ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में जो डेलीगेशन कई देशों में गए थे और वहां क्या चर्चा हुई, इस बारे में हमारी पीएम से बात हुई, जब वे संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने थे, तब उन्होंने साफ कर दिया था उनका ध्यान भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर है, न कि कांग्रेस-भाजपा की विदेश नीति पर। **-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

# जीवनरक्षक घोल ने दुनिया को बदल दिया

हाल ही में एक गांव में फूड पॉइजनिंग हुआ। एक सामूहिक भोज में साफ-सफाई न होने की वजह से कई लोग बीमार हो गए और अगले ही दिन दर्जनों लोगों में अतिसार जैसे लक्षण दिखने लगे। इससे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। कई लोगों को अस्पताल ले जाना पड़ा, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में आए अधिकतर रोगियों को पाउडर का एक छोटा पैकेट दिया गया और उसे पानी में घोलकर पीने की विधि बताकर घर वापस भेज दिया गया।

आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व ऐसा कोई भी हादसा लोगों में दहशत और हताशा फैला देता था। उस समय अतिसार से विश्व में हर वर्ष 50 लाख बच्चों की मौतें होती थीं। हालांकि इलाज पर शोध चल रहा था, पर केवल एक ही कारगर इलाज उपलब्ध था-इंट्रावीनस पुनर्जलन (सलाइन चढ़ाना), यह तरीका महंगा था और गिने-चुने अस्पतालों में ही उपलब्ध होता था, खासकर गरीब और दूर-दराज के इलाकों के लिए तो यह नामुमकिन था। इस स्थिति में लोग गाजर का सूप, कैरब का आटा, सूखे केले और यहां तक कि भूखे रहने जैसे घरेलू इलाज आजमाते थे, लेकिन इनसे कोई खास फायदा नहीं होता था।

इनमें सबसे डरावना संक्रमण था ब्लू डेथ यानी हैजा। यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती थी और कुछ ही दिनों में पूरे गांव-शहर को तबाह कर सकती थी। 1971 के भारत-बांग्लादेश युद्ध के बाद, जब शरणार्थी शिविरों में साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं, तब वहां हैजा फैला। डॉक्टर दिलीप महलनोबीस उस समय सीमा के पास एक अस्थाई अस्पताल चला रहे थे।

बीमारी फैलने के पश्चात जल्दी ही अस्पताल में सलाइन (आईवी ड्रिप) खत्म हो गई। पर्याप्त उपकरण और प्रशिक्षित लोगों के अभाव में डॉ. महलनोबीस ने एक अलग रास्ता चुना। उनकी टीम ने नमक और ग्लूकोज के मिश्रण के पाउच बनाए और मरीजों को दिए। साथ ही उन्होंने मरीज के परिजनों को सिखाया कि इसे पानी में कैसे घोलना है और मरीज को पिलाना है। उन्होंने हैजा की चपेट में आए दूसरे इलाकों में भी यह विधि साझा की।

इसके परिणाम हैरतअंगेज थे, जहां पहले हैजा से 30 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती थी, वहीं इस साधारण घोल से यह दर घटकर 3.6 प्रतिशत रह गई। डॉ. महलनोबीस का छोटे स्तर पर किया गया यह प्रयोग, जल्दी ही दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया। इसने मौजूदा अनुसंधानों को नया जीवन दे दिया। दुनियाभर के डॉक्टरों ने इस विचार को अपनाया और 1978 में जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस (ORS) को विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा बना दिया गया। आज यूनिसेफ हर साल लगभग 10 करोड़ ओआरएस के पैकेट बांटता है।



### एक चमत्कारी उपाय

पचास साल बाद भी ओआरएस एक बेहतरीन जनस्वास्थ्य उपाय बना हुआ है। यह आसानी से उपलब्ध है, सस्ता है, इसे थोड़ा-सा प्रशिक्षण लेकर कोई भी इस्तेमाल कर सकता है और समुदाय में इसे आसानी से स्वीकार भी किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसका एक मानक फॉर्मूला बनाए रखता है और जरूरत के अनुसार उसमें बदलाव करता रहता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कम संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी सही दिशा-निर्देशों के साथ आसानी से बनाया और इस्तेमाल किया जा सकता है। महंगे इलाज की तुलना में ओआरएस बहुत सस्ता पड़ता है-यह मरीजों के लिए भी किफायती है और सरकारी स्वास्थ्य बजट पर भी कम बोझ डालता है।

प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्यकर्मी माता-पिता व देखभाल करने वालों को आसानी से इसकी जानकारी दे सकते हैं। घर पर देखभाल के जरिए, अगर शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो एक व्यवस्थित और जमीनी स्तर से स्वास्थ्य सेवा दी जा सकती है। ओआरएस का इस्तेमाल आसान है, जोखिम लगभग न के बराबर है, इसलिए आम लोगों के लिए यह बेहद उपयोगी और सहज उपाय है।

ओआरएस का असर साफ दिखाई देता है। शुरुआती आशंकाओं के बावजूद यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या का बेहद सरल और प्रभावी समाधान है। पांच वर्ष से छोटे बच्चों की मौतों में 32 प्रतिशत की कमी का श्रेय ओआरएस को जाता है। इसके साथ ही अतिसार की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मामलों में भी गिरावट देखी गई है। ओआरएस का उपयोग अचानक होने वाले अतिसार के इलाज के लिए तो सुस्थापित है ही, यह कुपोषण के इलाज में भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे समय तक अतिसार का कुपोषण से गहरा सम्बंध है। ऐसा माना जाता है कि ओआरएस ने दुनियाभर में 5 करोड़ बच्चों की जान बचाई है। अगर ओआरएस का उपयोग सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंच जाए, तो अतिसार से होने वाली 93 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है।

### रुकावटें

ओआरएस एक असरदार इलाज है। देश में बढ़ते तापमान और ग्रीष्म लहरों के मद्देनजर इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, फिर भी इसके उपयोग में कई रुकावटें हैं। वर्ष 2012 में भारत में केवल 22 प्रतिशत लोगों तक ही ओआरएस की पहुंच थी। कई स्वास्थ्य अभियानों के बाद 2016 तक यह 48 प्रतिशत हो गई, लेकिन अभी भी मंजिल दूर है। दूसरी समस्या यह है कि लोग। चाहे डॉक्टर हों या मरीज, ओआरएस की प्रभावशीलता को कम आंकते हैं। इसलिए, जब केवल ओआरएस और जिंक से इलाज संभव होता है, तब भी कई बार गैर-जरूरी एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। इससे ना सिर्फ ओआरएस के फायदे अनदेखे रह जाते हैं, बल्कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया भी बढ़ते हैं, जो भविष्य में और बड़ी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ओआरएस को कैसे और कितनी मात्रा में इस्तेमाल करना है, इसकी जानकारी न होना एक और बड़ी चुनौती है। नतीजा यह होता है कि देखभाल करने वालों को अधूरी सलाह मिलती है। घर पर इलाज तभी सफल हो सकता है जब जानकारी सही और पूरी हो। इसके लिए केवल एक बार प्रशिक्षण देना काफी नहीं है, समय-समय पर पुन: प्रशिक्षण भी जरूरी होते हैं, ताकि समुदाय में एक सक्षम स्वास्थ्य कार्यकर्ता समूह बना रहे। ओआरएस के उपयोग में सरकारी और निजी स्वास्थ्य तंत्रों के बीच भी अंतर देखने को मिलता है। आंकड़े बताते हैं कि समय के साथ, निजी अस्पतालों में आने वाले मरीजों में ओआरएस का उपयोग घटा है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि भले ही निजी डॉक्टर ओआरएस लेने की सलाह देते हैं, लेकिन अक्सर वे अपने क्लीनिक या अस्पताल में इसे उपलब्ध नहीं कराते। साथ ही, जब आम लोग ओआरएस के फायदों को कम आंकते हैं, तो वे उसे लेना जरूरी नहीं समझते। इसके विपरीत, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अक्सर ओआरएस के पैकेट वहीं दे दिए जाते हैं, जिससे उनका उपयोग बढ़ता है। इसके अलावा, सरकार आम तौर पर बच्चों को ही ओआरएस देने पर ध्यान केंद्रित करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहले अतिसार से होने वाली मौतें ज्यादातर 5 साल से छोटे बच्चों में होती थीं, लेकिन अब जैसे-जैसे अतिसार से होने वाली मौतें कम हो रही हैं और लोगों की औसत उम्र बढ़ रही है, वैसे-वैसे बुजुर्गों में भी अतिसार से मृत्यु का खतरा बढ़ गया है। ऊपर से, जलवायु परिवर्तन और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के चलते अब ओआरएस सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी हो गया है।

**-राधिका शर्मा**
**(स्रोत फीचर्स)**

**जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आग के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है।**

# हमें मित्र सोच-समझकर बनाने चाहिएं

कुछ स्थानों पर लोग एक उच्च किस्म के गुलाब के साथ निम्नतर किस्म का गुलाब का पौधा लगा देते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का परागण अपने ही परागों से न हो जाए ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का वंश न चलता रहे। इस धारणा को यह रूपरेखा दी गई है ताकि परागण उच्चतर किस्म के गुलाबों से हो और निम्नतर किस्म के गुलाब का स्तर ऊंचा हो सके। यह सिद्धांत हमारे अपने जीवन में भी हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। यह कहा गया है कि कोई इंसान अपनी संगति से जाना जाता है। अगर हम अमीर बनना चाहते हैं तो हमें धनवान लोगों की सोहबत करनी चाहिए।

ऐसा करके हम उनके जैसे सोचने और उनके जैसे कार्य करने लगेंगे और हो सकता है, हम भी अमीर हो जाएं। अगर हम धावक बनना चाहते हैं तो हमें धावकों के साथ समय बिताना चाहिए। इस प्रकार हम उनके जैसा जीवन बिताने को प्रेरित होंगे। हम पाएंगे कि हम अधिक कसरत करेंगे, अपने आपको बलिष्ठ करेंगे, आहार पर ध्यान देंगे और दौड़ने का अभ्यास करेंगे। अगर हम लेखक बनना चाहते हैं तो हमें लेखकों की संगति में रहना चाहिए और उस कला का अनुसरण करने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी प्रकार अगर हम आध्यात्मिक रूप से विकसित होना चाहते हैं तो हमें ऐसे लोगों की संगति में रहना चाहिए जो स्वयं आध्यात्मिक रूप से विकसित हो चुके हैं। ऐसे लोगों के बीच में हम आत्मा-परमात्मा के सोच-विचार में अधिक समय व्यतीत करेंगे, आध्यात्मिक विषयों पर बातचीत करेंगे और आध्यात्मिक अभ्यासों में समय बिताएंगे। अगर हम किसी ऐसे के साथ समय व्यतीत करेंगे, जो ध्यान-अभ्यास करता हो, तो हो सकता है हम भी ध्यान-अभ्यास करने लगें। अगर हम उन लोगों की संगति में रहेंगे जो सदाचारी जीवन और सद्गुणों को महत्त्व देते हैं तो हम पाएंगे कि हम भी वैसा ही करने लगेंगे। हम अपनी संगति पर ध्यान दें। क्या हम ऐसे मित्र चुनते हैं जो कि हमारे व्यक्तिगत विकास के लिए हमें गलत विकल्पों की ओर ले जाते हैं या हम ऐसे दोस्त चुनते हैं जो हमें आध्यात्मिक जीवन जीने में मदद करते हैं? जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आगे के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है, जिसके द्वारा हम रूहानी तौर से जाग सकते हैं।

ऐसी हस्ती के नजदीक आकर हमारा ध्यान जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों की ओर जाता है। वहां का वातावरण सीधे हमारी आत्मा से संपर्क करता है। जो कोई अपनी आत्मा को जान लेता है, उसकी ओर हमारी आत्मा खिंची जाती है। उसकी चुंबकीय शक्ति हमें ऊपर खींच लेती है और हमारा ध्यान अंतर में मौजूद रूहानी खज़ानों की ओर टिक जाता है। अगर हम अपने ध्यान-अभ्यास में सुधार चाहते हैं तो हम सोचें कि हम अपना समय कैसे बिताते हैं। अगर हम समय आध्यात्मिक रूप से जागृत और अध्यात्म में रूचि रखने वाले व्यक्तियों के साथ बिताते हैं तो हम पाएंगे कि हमारा ध्यान अधिक एकाग्र रहेगा और हमारा ध्यान-अभ्यास अधिक फल देगा। अपनी संगति को समझदारी से चुनकर हमें आध्यात्मिक पथ पर तरक्की करने में मदद मिलेगी।



**...साभार प्रभा**

# अमेरिका की डिप्लोमैटिक चाल, लंच टेबल पर पेश हुआ ईरान

पाकिस्तान के सोकोल्ड फिल्ड मार्शल आसीम मुनीर को डोनाल्ड ट्रंप ने लंच पर बुलाया। इससे पाकिस्तान में दिवाली जैसा माहौल बन गया, लेकिन पाकिस्तान भूल गया कि ट्रंप बिना मतलब के किसी को अपने पास बैठाता नहीं है तो लंच तो बहुत दूर की बात है। अब इस डिपलोमैटिक चाल का मतलब समझ में आने लगा है। पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने कहा है कि अमेरिकी सेनाओं को ईरान में प्रवेश कर उसके परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भी संभावना है कि युद्ध समाप्त होने के बाद पाकिस्तान को ईरान की परमाणु आपूर्ति मिल जाए। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान को सहयोग के लिए या ईरानी परमाणु-समृद्ध सामग्री प्राप्त करने के लिए भुगतान न करने का आह्वान किया। रुबिन ने ईरान और पाकिस्तान को प्रतिस्पर्धी कहा, जबकि दोनों देश कभी-कभी सहयोग करते हैं।



उनकी टिप्पणी इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के बीच आई है, जो गुरुवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बात पर जोर देते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। रुबिन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान को सहयोगी कहना वास्तविकता नहीं बल्कि कूटनीतिक बयानबाजी है और यहां तक कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पूर्व सोवियत संघ के प्रधानमंत्री जोसेफ स्टालिन को अपना करीबी सहयोगी बताया था। ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के प्रमुख की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें उन्होंने आतंकवाद से निपटने में पाकिस्तान को अमेरिका का करीबी सहयोगी घोषित किया था, रुबिन ने जवाब दिया, याद रखें कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने जोसेफ स्टालिन के बारे में एक करीबी सहयोगी के रूप में बात की थी। यह कूटनीतिक बयानबाजी है।

यह वास्तविकता नहीं है। हर कोई पाकिस्तान को वैसा ही देखता है जैसा वह है, सिवाय शायद डोनाल्ड ट्रम्प के। इसलिए जबकि डोनाल्ड ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर पाकिस्तान के कान में मीठी-मीठी बातें फुसफुसा सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वे पाकिस्तान से कुछ चाहते हैं। मैं जो तर्क दे रहा हूं वह यह है कि पाकिस्तान से हमें जो कुछ भी मिल सकता है वह पाकिस्तान को सहयोगी के रूप में रखने की कीमत के लायक नहीं है। पाकिस्तान के संदर्भ में अमेरिका द्वारा किए जा सकने वाले लाभ के बारे में आगे पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब बात इजरायल-ईरान संघर्ष की पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान से संपर्क साधने की आती है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका का वर्तमान रुख यह है कि ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से त्याग देना चाहिए।

एक तरफ, यह पाकिस्तान का हित हो सकता है। मैं 1998 के पाकिस्तान परमाणु परीक्षणों के तुरंत बाद ईरान में रहा था और उस समय अधिकांश ईरानियों ने सोचा था कि वे परीक्षण ईरान के खिलाफ ही थे। ईरान और पाकिस्तान प्रतिस्पर्धी हैं, भले ही कभी-कभी वे एक-दूसरे का सहयोग करते हुए पाए जाते हों, तो क्या ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ना पाकिस्तान के हित में है?

हां। राष्ट्रपति ट्रम्प शायद यही तर्क दे रहे हैं। हालांकि अगर यह पाकिस्तान के अपने हित में है, तो हमें पाकिस्तान को उसके हित में जो हासिल करना है, उसके लिए एक भी डॉलर नहीं देना चाहिए। साथ ही, अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है, तो इसके लिए अमेरिकी सेना, विशेष बलों की घुसपैठ की जरूरत हो सकती है, और हमें इसके लिए अनुमति मिल सकती है। अगर हम युद्ध समाप्त होने के बाद ईरान की परमाणु आपूर्ति को ट्रक से बाहर ले जाने जा रहे हैं, तो उन आपूर्तियों को कहीं न कहीं जाना होगा और इसलिए शायद इस बात पर कुछ चर्चा हो रही है कि पाकिस्तान को वे आपूर्तियां मिल सकती हैं। फिर से, परिस्थिति कक्ष या विदेश मंत्रालय के बोर्डरूम, कॉन्फ्रेंस रूम में जो अच्छा लगता है, वह वास्तव में जरूरी नहीं है। ऐसा कोई तरीका नहीं है कि पाकिस्तान को सहयोग के लिए भुगतान किया जाए या उसे ईरान की किसी भी परमाणु समृद्ध सामग्री का प्राप्तकर्ता बनाया जाए, उन्होंने आगे कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ लंच मीटिंग की।

उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि व्हाइट हाउस में हुई इस मीटिंग में उन्होंने असीम मुनीर के साथ ईरान के मुद्दे पर भी चर्चा की। मुनीर से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान ईरान को ष्बहुत अच्छी तरह से जानता है और वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ईरान पर चर्चा की, तो ट्रंप ने कहा, हां, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, ज्यादातर लोगों से बेहतर। वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि वे इजराइल के साथ बुरे हैं। वे दोनों को जानते हैं, वास्तव में, लेकिन वे शायद ईरान को बेहतर जानते हैं, लेकिन, वे देखते हैं कि क्या हो रहा है, और वे मुझसे सहमत हैं। जैसा कि ईरान और इजराइल ने हमले जारी रखे हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को अमेरिकी विकल्पों पर चर्चा करने के लिए एक सिचुएशन रूम मीटिंग की, सीएनएन ने बताया। गुरुवार को, इजराइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वायु सेना तेहरान और ईरान के अन्य हिस्सों में हमलों की एक श्रंखला को अंजाम दे रही है। इससे पहले, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा था कि तेहरान पर हवाई रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। 13 जून को, इजराइल ने ईरानी सैन्य और परमाणु स्थलों पर एक बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया, जिसे ऑपरेशन राइजिंग लॉयन नाम दिया गया। इससे पहले, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया है, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान है। उन्होंने कहा कि यह मिशन इस खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे उतने दिन तक जारी रहेगा। जवाब में, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स ने बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल ऑपरेशन ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू किया, जिसमें इजरायली लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन सुविधाओं और ऊर्जा आपूर्ति केंद्रों को निशाना बनाया गया, ईरानी समाचार एजेंसी IRNA ने बताया। यह हमले इजरायली आक्रामकता के खिलाफ सीधे जवाबी कार्रवाई में किए गए थे।



अक्षत श्रोत्री

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नोबेल की चाहत में पाक आर्मी चीफ के साथ ट्रम्प की गलबहियां

# ट्रम्प की मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है। यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है।

उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले आपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं। मुनीर की तारीफ में ट्रम्प बोले: संघर्ष रोकने में इनकी अहम भूमिका मुनीर से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस लान में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इस आदमी ने पाकिस्तान की तरफ से इसे (भारत-पाकिस्तान लड़ाई) रोकने में अहम भूमिका निभाई। ट्रम्प ने बताया कि मुनीर के साथ उनकी ईरान-इजरायल संघर्ष पर भी चर्चा हुई। मुनीर से मुलाकात से पहले भी ट्रम्प ने मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने कहा, श्मैंने उन्हें (मुनीर) यहां इसलिए बुलाया है क्योंकि मैं उन्हें भारत के साथ युद्ध में नहीं उतरने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कुछ दिन पहले ही यहां से गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। इन दो बहुत ही चतुर लोगों (पीएम मोदी और आसिम मुनीर) ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था।

पाकिस्तान और भारत दो बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। अमेरिका में मुनीर के खिलाफ पाकिस्तानियों ने नारेबाजी की इससे पहले मुनीर ने मंगलवार को वाशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा: भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं। मुनीर ने ईरान-इजरायल युद्ध खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। हालांकि पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया।



■ **अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल प्राइज मिलना चाहिए उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाया: आसिम मुनीर**

## ट्रम्प को नहीं है इतिहास की समझ

■ **नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से हैं वशीभूत: रुबिन**

**वाशिंगटन।** पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधार्थी माइकल रुबिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित करने के फैसले को गलत करार देते हुए कहा है कि ट्रम्प को इतिहास की समझ नहीं है और वह नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से वशीभूत होकर फैसले कर रहे हैं। रुबिन ने एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका का मतलब केवल अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं, बल्कि अमेरिकी कांग्रेस है जो द्विदलीय है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को जायज और राष्ट्रपति ट्रम्प के पाकिस्तान की प्रशंसा वाले बयान को निरर्थक बताया है। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकी संगठनों को पनाह और प्रायोजन तुरंत बंद करने की नसीहत भी दी।

रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान को मेरी सलाह है कि वह अपने आतंकवादी प्रायोजन को बंद कर दे। यह किसी भी विश्व नेता का लाभ उठाने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। वास्तव में हम इसे पाकिस्तान की अपनी आंतरिक कलह के साथ देखते हैं कि उसने इसकी बहुत कीमत चुकाई है।

## भारी बारिश...



खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा में भारी बारिश के कारण बनई नदी पर बना पुल टूट गया जिस पर फंसा खड़ा एक ट्रक।

## ईरानी हमले का निशाना सैन्य ठिकाने, अस्पताल नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि दक्षिण इजरायल पर किए गए ईरानी हमलों का निशाना इजरायली सैन्य खुफिया ठिकाने थे और अस्पताल को निशाना नहीं बनाया था। ईरान की सरकारी समाचार समिति इरना ने गुरुवार को बताया कि मीडिया की कुछ रिपोर्टों में इस प्रकार की गलत जानकारी दी जा रही है। ईरान के अनुसार, हमले इजरायली सेना के सी41 टेलीकम्युनिकेशन कॉर्प्स मुख्यालय और एक खुफिया इकाई पर किए गए थे। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि जिस अस्पताल की चर्चा हो रही है, वह धमाके के असर से प्रभावित हुआ। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ईरानी मिसाइल ने दक्षिण इजरायल के बेर्शेबा शहर में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस बीच इजरायली मीडिया ने टूटी हुई खिड़कियों और काले धुएं की तस्वीरें भी जारी की हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने लोग घायल हुए हैं। ईरानी सरकारी टेलीविज़न ने बताया कि इज़रायल ने जवाबी कार्रवाई में ईरान के अराक भारी जल (हेवी वॉटर) संयंत्र पर हमला किया।

# रूस ईरान के परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग का इच्छुक

■ **अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है**

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस इजरायल की सुरक्षा चिंताओं का ध्यान रखते हुए ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग करने को तैयार है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यहां प्रमुख वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही।

रूसी राष्ट्रपति ने इस बारे में किसी भी प्रकार के ब्यौरे का खुलासा किए बिना पुष्टि की कि रूस ने इजरायल और अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की है और अपने ईरानी समकक्षों को इस आशय के प्रस्तावों से अवगत भी कराया है। उन्होंने कहा सामान्य तौर पर शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में ईरान के हितों को पूरा करना और साथ ही इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा संबधी चिंताओं का ध्यान रखना संभव है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस ने ईरान की परमाणु गतिविधियों पर 'आसपास' के क्षेत्रों में चल रहे तनावों के लिए 'संभावित समाधान' का प्रस्ताव दिया है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है। पुतिन ने कहा कि रूस और ईरान के बीच गहरा विश्वास कृषि और चिकित्सा सहित परमाणु प्रौद्योगिकियों के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की अनुमति देता है। पुतिन ने ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम में रूस की दीर्घकालिक भागीदारी को भी याद किया जिसमें बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का पूरा होना भी शामिल है। मूल रूप से जर्मन फर्मों द्वारा डिजाइन की गई इस परियोजना को बाद में रूस के राज्य परमाणु निगम, रोसाटॉम ने पूरा किया था।

## चार साल में 50 लाख शरणार्थी लौटे अफगानिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले चार वर्षों के दौरान 50 लाख से अधिक लोग शरणार्थी का दर्जा त्याग कर वतन वापस लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मुतालिब हक्कानी ने दी यह जानकारी दी है। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो एवं टेलीविजन (आरटीए) ने बुधवार रात हक्कानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान द्वारा सत्ता संभालने के बाद से 310000 परिवार, जिनकी संख्या कुल सदस्य संख्या 2848000 है, पाकिस्तान, ईरान और तुर्की से अपने वतन अफगानिस्तान लौट आए हैं।

# ईरान में इजरायल के लिए काम करने वाले 18 लोग गिरफ्तार

**तेहरान।** इजरायल के लिए जासूसी करने और कामिकेज़ ड्रोन के डिजाइन करने के आरोप में 18 लोगों को ईरान के पूर्वोत्तर प्रांत रज़ावी खोरासान के मशहद शहर में हिरासत में लिया गया है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

वहीं आईएसएनए समाचार एजेंसी ने अपनी बताया कि ईरान के खुफिया विभाग ने दक्षिण-पश्चिमी कोगिलुयेह और बोयर-अहमद प्रांत में इजरायल के लिए काम कर रहे एक संगठित समूह को मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समूह के सदस्यों ने ईरान के विभिन्न शहरों में हथियार और प्रचार पत्रक वितरित करने की योजना बनाई थी। गौरतलब है कि इजरायल ने 13 जून को तड़के ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया और ईरान पर एक गुप्त सैन्य परमाणु कार्यक्रम को लागू करने का आरोप लगाया गया। इजरायली वायु सेना ने तेहरान सहित पूरे ईरान में कई हमले किए थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस हमले को अपराध बताया और इजरायल को कड़े और और भयानक परिणाम भुगतने की धमकी दी।



ईरान ने 13 जून की शाम को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू करके जवाबी कार्रवाई की, जिसमें इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने 18 जून को कहा था कि एजेंसी ने इस बात के ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान के पास सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम है।

# भारत-क्रोएशिया का आतंकवाद के वित्त पोषण नेटवर्क को ध्वस्त करने का आह्वान

■ **दोनों पक्षों ने की आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा**

**जागरेब।** भारत और क्रोएशिया ने आतंकवाद वित्त पोषण नेटवर्क को बड़ा खतरा बताते हुए संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से इस पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों तथा बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवाद के दोषियों को शीघ्र न्याय के कठघरे में खड़ा करने का आह्वान किया है।

तीन देशों साइप्रस, कनाड़ा और क्रोएशिया की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बुधवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस वार्ता के बाद जारी वक्तव्य में दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए यह आह्वान किया। दोनों पक्षों ने चार समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। इनमें कृषि सहयोग पर समझौता ज्ञापन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम,सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और जागरेब विश्वविद्यालय में हिंदी चेयर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन शामिल है।

वक्तव्य में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की यात्रा ने द्विपक्षीय साझेदारी को नई गति दी है, जिससे पता चला है कि दोनों अर्थव्यवस्था विशेष रूप से पर्यटन, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में एक दूसरे की पूरक हैं। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री प्लेनकोविच और क्रोएशिया को धन्यवाद दिया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के दृष्टिकोण को दोहराया और इसके औचित्य को किसी भी परिस्थिति में सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराए जाने पर जोर देते हुए आतंकवादियों को 'प्रॉक्सी' के रूप में इस्तेमाल करने की निंदा की।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति, आतंकवाद से संबंधित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों ने संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने, आतंकवादी बुनियादी ढांचे को खत्म करने और आतंकवाद के अपराधियों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

## ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराया विमान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास का एक विमान बुधवार रात ब्रिस्बेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय मीडिया ब्रिस्बेन टाइम्स ने गुरुवार सुबह अपनी रिपोर्ट बताया कि बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6:40 बजे न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन से ब्रिस्बेन में उतरने के बाद फ्लाइट क्यूएफ 186 ने जेट ब्रिज को टक्कर मार दी। अखबार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित तस्वीरों से पता चलता है कि इस घटना में बोइंग 737-800 की विडस्क्रीन टूट गई। किसी के घायल होने की खबर नहीं है और यात्री सीढ़ियों के रास्ते विमान से उतर गए।

# बाली हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा फिर से शुरू

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रिसॉर्ट द्वीप बाली के आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा गुरुवार को फिर से बहाल हो गई हैं। हवाई अड्डे और एक सरकारी संस्थान ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

दरअसल पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी पर ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम होने के कारण विमान सेवा को फिर से शुरु करने का फैसला किया गया। आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संचार और कानूनी प्रभाग के प्रमुख गेडे एका सैंडी असमादी ने इसकी पुष्टि की और उन्होंने कहा कि उड़ान सेवा फिर से बहाल कर दिई गई है। आज हवाई अड्डे की वेबसाइट पर अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कोई रिपोर्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी विस्फोट के कारण पहले रद्द की गई कई एयरलाइन उड़ानें धीरे-धीरे संचालन में वापस आ गई हैं। ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ने मंगलवार की गतिविधि के बाद धीरे-धीरे ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम हो गया है, जिससे राख का एक कॉलम आकाश में 10 किलोमीटर तक ऊपर तक फैल गया। केंद्र के अनुसार गुरुवार को विस्फोट जारी रहा लेकिन राख दिखाई नहीं दे रही थी।

## चीन की दुर्लभ खानिजों के निर्यात की समीक्षा प्रक्रिया में तेजी

**बीजिंग।** वैश्विक आपूर्ति शृंखला की स्थिरता को अहम मानते हुए, चीन में दुर्लभ खनिजों के निर्यात लाइसेंस की प्रक्रिया में तेजी आई है। यह काम देश के कानूनों और नियमों के मुताबिक किया जा रहा है। चीन ने कानूनी प्रकिया में कुछ निर्यात लाइसेंस आवेदनों को मंजूरी दी है और आगे भी ऐसे आवेदनों की समीक्षा और मंजूरी की प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता हे याडोंग ने गुरुवार को कहा कि चीन निर्यात नियंत्रण को लेकर संबंधित देशों के साथ संवाद बढ़ाने और नियमों के तहत व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार है। दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुरक्षा और भू-राजनीतिक तनावों के बीच चीन पर अंतर्राष्ट्रीय नजर बढ़ी है।

# पाकिस्तान ने अरबों की ऊर्जा योजना को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के संघीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बिजली क्षेत्र में चक्रीय ऋण (सर्कुलर डेब्ट) से निपटने के लिए 1.275 खरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 4.6 अरब डॉलर) की योजना को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता और निवेशकों का विश्वास बहाल करना है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह योजना स्थाई सुधार लाने के साथ राजकोषीय बोझ को कम करेगी और राष्ट्रीय बजट पर दबाव डाले बिना देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। इस बीच देश के ऊर्जा मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा है कि छह वर्षीय इस योजना को घरेलू वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से तीन महीने के कराची इंटरबैंक ऑफ़र रेट (केआईबीओआर) से 0.9 प्रतिशत कम ब्याज दर पर वित्तपोषित किया जाएगा। इसका 24 त्रैमासिक किश्तों में पुनर्भुगतान किया जाएगा। लगभग 683 अरब रुपये का उपयोग पावर होल्डिंग कंपनी की देनदारियों को पुनर्वित्त करने के लिए किया जाएगा जबकि शेष राशि स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के लंबे समय से बकाया चुकाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी।

# मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

## लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गई

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का स्टारशिप-36 राकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ।

धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले राकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि राकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है। स्पेसएक्स ने इस हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है। कैमरन काउंटी के शेरिफ आफिस और स्थानीय पुलिस ने भी पुष्टि की कि कोई घायल नहीं हुआ। फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की, लेकिन राकेट और टेस्ट साइट को हुआ नुकसान इतना ज्यादा है कि स्पेसएक्स को अब अपनी 10वीं टेस्ट फ्लाइट की योजना पर फिर से काम करना पड़ेगा।



■ **आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया: धामाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गई**

## ईराक ने किया अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान

**बगदाद।** इराक ने क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए इस्तांबुल में होने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) सम्मेलन के दौरान अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान किया है। इराकी विदेश मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह प्रस्ताव रखा। बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित बैठक का उद्देश्य तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर अरब देशों की स्थिति का समन्वय करना और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ मौजूदा चुनौतियों का समाधान निकालना है। इसे अलावा कि दोनों पक्षों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रमों, विशेष रूप से इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष और क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। एक अलग बयान के अनुसार, हुसैन को उनके तुर्की समकक्ष हकन फिदान ने कल फोन किया।